सुविचार

ईश्वर के समक्ष केवल प्रार्थना ही ना करे बल्कि ध्यान भी लगाए। प्रार्थना में हम ईश्वर से बात करते हैं जबकि ध्यान में ईश्वर हमसे बात करते हैं।

RNI : RAJHIN13216/2005

# दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 अंकः 255 पेजः 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, शुक्रवार 7 अप्रैल, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

BJP का 44वां स्थापना दिवस

# भाजपा हनुमानजी के 'कैन डू' एटीट्यूड की तरह काम करती है, सबकी मदद करती है : मोदी

गरीबों का सितारा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने गुरुवार को अपना 44वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कार्यकताओं को 45 मिनट तक संबोधित किया। आज हनुमान जयंती है तो उनके कामों का उदाहरण देकर भाजपा की कार्यशैली का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भाजपा हनुमानजी के 'कैन डू' एटीट्यूड की तरह काम करती है और सबकी मदद करने की कोशिश भी करती है। पीएम ने जनसंघ और आज की भाजपा की बात की। कहा कि कार्यकर्ता अति आत्मविश्वास में ना रहें। लोगों से जुड़ें। कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों पर निशाना साधा। कहा कि ये दल भाजपा के काम को पचा नहीं पा रहे हैं। ये हताश लोग कह रहे हैं कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी। उन्होंने भाजपा के फ्यूचर प्लान को भी कार्यकताओं के साथ शेयर किया। मोदी ने कहा, 'आज तक जिन महान लोगों ने पार्टी को संवारा है, समृद्ध और सशक्त किया है, उन कार्यकताओं और नेताओं को शीश झुकाकर प्रणाम करता हूं।' 43 साल पहले 6 अप्रैल 1980 को भाजपा का गठन हुआ था।



### भाजपा हनुमानजी से प्रेरणा लेती है

'हनुमानजी सब कुछ कर सकते हैं, सबके लिए करते हैं, लेकिन अपने लिए कुछ नहीं करते। यही भाजपा की प्रेरणा है। एक और प्रेरणा है। जब हनुमानजी को राक्षसों का सामना करना पड़ा तो वो कठोर हो गए। जब भ्रष्टाचार, परिवारवाद, कानून-व्यवस्था की बात आती है तो भाजपा उतनी ही संकल्पबद्ध हो जाती है मां भारती को मुक्त कराने के लिए। हनुमानजी का पूरा जीवन देखें तो उनके भीतर का कैन डू एटीट्यूड और संकल्पशक्ति हर प्रकार की सफलता में बहुत बड़ी भूमिका अदा करती है। कौन सो काज कठिन जग माही, जो नहिं होइ तात तुम पाहीं। ऐसा कोई भी काम नहीं है, जो हनुमान नहीं कर सकते। लक्ष्मण पर संकट आया तो हनुमान संजीवनी पर्वत ले आए। भाजपा भी लोगों की समस्या हल करने के लिए ऐसा प्रयास करती रही है, करती रहेगी। राम काज किन्हें बिनु मोहि कहां विश्राम।

### एक सांस में जितना बोल पाया, बोल दिया

मैं आंकड़े देता रहता हूं। 15-20 दिन की बात बताता हूं। जीएसटी के बाद किसी एक वित्तीय वर्ष में 18 लाख करोड़ रुपए का कलेक्शन, 16 लाख करोड़ का टैक्स दिया गया, यूपीआई से 14 लाख करोड़ ट्रांजैक्शन का रिकॉर्ड बना, 750 अरब के पार एक्सपोर्ट पहुंचा, 16 हजार करोड़ का डिफेंस एक्सपोर्ट हुआ, रेलवे ने डेढ़ हजार मीट्रिक टन से अधिक फ्रेट लोडिंग की। ये रिकॉर्ड दिखाते हैं कि देश कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है। एक सांस में जितना बोल पाया मैं, उतना बोल दिया।

### हताश विपक्ष कह रहा- मोदी तेरी कब्र खुदेगी

'जब हमारा मजाक उड़ाकर सफल नहीं हुए तो बादशाही मानसिकता वाले लोगों की नफरत और बढ़ गई। दशकों से हिंसा झेल रहे कश्मीर और नॉर्थ ईस्ट में शांति का सूरज उगेगा, ये उन्होंने सोचा नहीं था। आर्टिकल 370 इतिहास हो जाएगा, ये उन्होंने कल्पना नहीं की थी। जो काम दशकों तक नहीं हुए, वो भाजपा कैसे कर रही है, वो इन्हें पच नहीं रहा है।' 'नफरत से भरे ये लोग झूठ बोले जा रहे हैं। अपने भ्रष्ट कर्मों का खुलासा होते देख ये बेचैन हैं और हताशा से भर गए हैं। इतने निराश हैं कि एक ही रास्ता दिख रहा है। खुलकर कह रहे हैं कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी। वो कब्र खोदने की धमकी दे रहे हैं 'बादशाही मानसिकता वाले इन लोगों को और पार्टियों को एक बात पता नहीं है।

# एंटनी के बेटे भाजपा में शामिल

## डॉक्यूमेंट्री विवाद में मोदी का समर्थन किया, ट्वीट डिलीट के दबाव में छोड़ी कांग्रेस; पिता बोले- उसने हर्ट किया

गरीबों का सितारा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी ने गुरुवार को इखढ जॉइन कर ली। नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री



पीयूष गोयल ने केरल भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन की मौजूदगी में उन्हें पार्टी जॉइन कराई। जॉइनिंग के बाद अनिल एंटनी ने कहा- मुझे एक खास परिवार के लिए नहीं, आम लोगों के लिए काम करना है। अगले 25 सालों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के ढट मोदी के लक्ष्य को पूरा करने का काम करना है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए एके एंटनी ने कहा- अनिल के भाजपा में शामिल होने के फैसले ने मुझे हर्ट किया है। यह बहुत ही गलत फैसला है। भारत का आधार एकता और धार्मिक सद्भाव है। 2014 में मोदी सरकार जब सत्ता में आई, तब से धर्मनिरपेक्षता को कमजोर कर रही है। मैं मरते दम तक कांग्रेस में रहूंगा। अनिल एंटनी ने इसी साल जनवरी में कांग्रेस के पद और सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। वह केरल कांग्रेस के सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर थे। 2002 के गुजरात दंगों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर इइउ की डॉक्यूमेंट्री पर अनिल एंटनी ने मोदी के सपोर्ट में ट्वीट किया था, जिसे डिलीट करने का दबाव बनने पर उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी थी। BBC की विवादास्पद डॉक्यूमेंट्री को लेकर अनिल एंटनी ने ट्वीट किया था- भाजपा के साथ तमाम मतभेदों के बावजूद इइउ और ब्रिटेन के पूर्व विदेश मंत्री जैक स्ट्रॉ के विचारों को भारतीय संस्थानों के विचारों से अधिक महत्व देना खतरनाक चलन है और इससे देश की संप्रभुता प्रभावित होगी। जैक स्ट्रॉ ने ही इराक युद्ध की योजना बनाई थी। इइउ ब्रिटेन सरकार का प्रायोजित चैनल है। उसका भारत के प्रति पूर्वाग्रह का इतिहास रहा है। कांग्रेस नेताओं को अनिल एंटनी का ट्वीट पसंद नहीं आया था। उन्होंने फोन करके उनको ट्वीट डिलीट करने को कहा था।

निकाय और पंचायतों में उपचुनाव की घोषणा

# 14 निकायों में खाली पड़े 14 वार्डों, 48 सरपंचों के चुनाव के लिए वोटिंग 7 मई को

गरीबों का सितारा



**जयपुर।** राजस्थान में अगले महीने ग्रामीण और शहरी सरकारों में खाली पड़ी सीटों पर उपचुनाव करवाए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने इसके लिए प्रोग्राम जारी किया है। ये चुनाव नगरीय निकायों (नगर पालिका, नगर निगम, नगर परिषद), जिला परिषद, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत में खाली पड़े वार्डों और सरपंच-उप-सरपंच के पदों पर होंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी चित्रा गुप्ता ने बताया कि 12 जिलों की 14 नगर पालिकाओं में खाली पड़े 14 वार्डो के अलावा अजमेर, झालावाड़, डूंगरपुर और भरतपुर जिला परिषद के एक-एक वार्ड में चुनाव करवाए जाएंगे। इसी तरह अलग-अलग जिलें की पंचायत समितियों में खाली पड़े कुल 24 वार्डों, 48 ग्राम पंचायत के सरपंच पदों, 57 ग्राम पंचायत के उप सरपंच पद और 471 वार्ड पंच के लिए चुनाव होंगे। उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय में खाली वार्डों पर चुनाव के लिए अधिसूचना 21 अप्रैल को जारी की जाएगी और 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र भरे जाएंगे। वोटिंग 7 मई को करवाई जाएगी और रिजल्ट 8 मई को मतगणना के बाद जारी किया जाएगा। इसी तरह जिला परिषद और पंचायत समितियों में खाली वार्डो पर होने वाले उप चुनाव के लिए 17 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन पत्र 25 अप्रैल तक भरे जाएंगे और वोटिंग 7 मई को होगी। मतगणना अगले दिन यानी 8 मई को करके रिजल्ट जारी किया जाएगा। इसके अलावा ग्राम पंचायतों में सरपंच और वार्ड पंच के लिए 17 अप्रैल को अधिसूचना जारी करके 30 अप्रैल तक नामांकन लिए जाएंगे। 7 मई को सुबह 8 से शाम 5 बजे तक वोटिंग करवाई जाएगी और वोटिंग खत्म होने के बाद तुरंत मतगणना शुरू करके देर शाम तक परिणाम जारी किया जाएगा। अगले दिन यानी 8 मई को उप सरपंच के लिए चुनाव की प्रक्रिया करवाई जाएगी।

# भाजपा सरसंघचालक मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले आएंगे जयपुर

### राष्ट्रीय सेवा संगम में होंगे शामिल, देशभर से जुटेंगे 3000 प्रतिनिधि

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सक्रिय संगठन राष्ट्रीय सेवा भारती की ओर से 7 से 9 अप्रैल तक जयपुर के केशव विद्यापीठ में राष्ट्रीय सेवा संगम का आयोजन किया जाएगा। 3 दिन तक चलने वाले इस आयोजन का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन राव भागवत 7 अप्रैल को करेंगे। जिसमें देशभर में सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले 1000 से ज्यादा सेवा संगठन के 4000 से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल होंगे। बता दें कि राष्ट्रीय सेवा संगम में अब तक सिर्फ मोहन भगवत का आने का कार्यकर्म प्रस्तावित था। लेकिन आखरी वक्त में संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले भी जयपुर आ रहे है। ऐसे में चुनावी साल में फ्तर के बड़े पधाधिकारियों का जयपुर दौरा काफी अहम माना जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय सेवा प्रमुख शिवलहरी ने बताया कि हर पांच साल में राष्ट्रीय सेवा भारती की ओर से राष्टीय सेवा संगम आयोजित किया जा रहा है। पहला सेवा संगम साल 2010 में बंगलूरु में आयोजित किया गया था। इसमें 980 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। साल 2015 में दूसरा सेवा संगम नई दिल्ली में आयोजित हुआ। उसका श्रेय वाक्य समरस भारत, समर्थ भारत रहा। इसमें 3500 प्रतिनिधि ने भाग लिया और अब तीसरा सेवा संगम जयपुर में 7, 8 और 9 अप्रैल को होने जा रहा है। सेवा संगम से जुड़े कैलाश शर्मा ने बताया कि सेवा भारती ने पिछले साल 25 हजार से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया है। इसके साथ ही दक्षता, स्वास्थ्य, कौशल विकास और महिला सशक्तीकरण जैसे क्षेत्रों में संगठन ने लगातार काम कर रहा है। सेवा भारती द्वारा वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित और पीड़ित बंधुओं की सेवा करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं को प्रोत्साहन और सहयोग करने वाली संस्था है। हमारा लक्ष्य हर व्यक्ति तक रोजगार पहुंचकर




# सट्टेबाजी और दांव लगाने वाले ऑनलाइन गेम बैन होंगे


## सरकार ने जारी की नई एडवाइजरी, कहा- मीडिया ऐसे विज्ञापन न दिखाए

गरीबों का सितारा

**नई दिल्ली।** टीम बनाओ, इनाम पाओ, दांव लगाओ किस्मत बदलो। इस तरह के लुभावने विज्ञापनों के जरिए दांव लगाकर पैसे कमाने का सपना दिखाने वाले ऑनलाइन गेम बंद किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने गुरुवार को इस बारे में एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने कहा कि ऑनलाइन गेम की सेल्फ रेगुलेटरी संगठन की तरफ से जांच की जाएगी। नियमों पर खरा उतरने पर ही ऑनलाइन गेम को पब्लिक प्लेटफॉर्म पर चलाने की परमिशन दी जाएगी। इसके साथ ही मिनिस्ट्री ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्ट ने कहा कि मीडिया प्लेटफॉर्म भी सट्टेबाजी के विज्ञापन चलाने से बचें। एडवाइजरी नहीं मानने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सट्टेबाजी वाले गेम्स को नहीं मिलेगी मंजूरी

आईटी राज्य मंत्री चंद्रशेखर ने बताया कि ऑनलाइन गेम की सेल्फ रेगुलेटरी संगठन (रफ्ड) की तरफ से जांच की जाएगी। ऐसे ऑनलाइन गेम्स को ही मंजूरी दी जाएगी, जिनमें किसी प्रकार के दांव या बाजी लगाने का काम न हो रहा हो। मीडिया में चल रहे सट्टेबाजी वाले विज्ञापन को लेकर सरकार ने कहा कि कानून के मुताबिक सट्टेबाजी और जुआ अवैध है। इसको बढ़ावा देने से बचें। सरकार का कहना है कि अगर कोई मीडिया प्लेटफॉर्म प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सट्टेबाजी का विज्ञापन करता है तो उसे कानून का उल्लंघन माना जाएगा।




### सट्टेबाजी प्लेटफॉर्मों के विज्ञापन गैरकानूनी

सूचना प्रौद्योगिकी (डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड) नियम 2021 के अनुसार, मंत्रालय ने कहा है कि सट्टेबाजी प्लेटफॉर्मों के विज्ञापन एक गैरकानूनी गतिविधि है, जिसे डिजिटल मीडिया पर नहीं दिखाया जा सकता है। एडवाइजरी में यह भी कहा गया है कि मंत्रालय ने देखा है कि सट्टेबाजी के प्लेटफॉर्मों का प्रमोशनल कंटेंट और विज्ञापन अभी भी कुछ न्यूज प्लेटफॉर्मों और ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर दिखाई दे रहे हैं। ऑनलाइन ऑफशोर सट्टेबाजी प्लेटफॉर्मों ने विज्ञापन करने के लिए एक सरोगेट प्रोडक्ट के रूप में न्यूज वेबसाइट्स का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। केंद्र सरकार ने अक्टूबर 2022 में न्यूज वेबसाइट्स, OTT प्लेटफॉर्म और प्राइवेट सैटेलाइट चैनलों को बेटिंग वेबसाइट्स या ऐप के विज्ञापन प्लेटफॉर्म पर न चलाने का निर्देश दिया था।

पूर्वानुमान> 23°

| | शुक्र | शनि | रवि | सोम |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 33°c | 34°c | 33°c | 35°c |
| न्यूनतम> | 19°c | 19°c | 18°c | 19°c |

# हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक बन गए हैं "हमीद खान"

## हिंदुओं में लोकप्रिय होते जा रहे हैं

गरीबों का सितारा

**भरतपुर।** भरतपुर जिले की कामा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की युवा और सक्रिय नेता हमीद खान मेवाती आजकल सभी जाति और बिरादरी के लोगों में चर्चा का विषय बने हुए हैं। विशेष रूप से क्षेत्र के हिंदू और मुस्लिम संप्रदाय के लोगों में अपने व्यवहार, काम करने के तरीके और अच्छी सोच से इस युवा नेता ने अपनी अलग पहचान बना ली है एक तरफ कुछ राजनेता वोटों की खातिर हिंदू और मुसलमानों के बीच दरारें और मनमुटाव की स्थिति पैदा करने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं तो दूसरी ओर हमीद खान मेवाती हिंदू और मुसलमानों के बीच आपस में प्यार मोहब्बत का माहौल कायम करने में पूरी शिद्दत से जुटे हुए हैं। भले ही मेवाती मुस्लिम संप्रदाय से वास्ता रखते हो लेकिन जब हिंदुओं का कोई पर्व त्यौहार आता है तो वे दिल खोलकर पूरे तन मन से हिंदुओं के बीच जाकर त्यौहार मनाते हैं और खूब एंजॉय करके हिंदू मुसलमानों के बीच आपस में अच्छा व्यवहार तथा तालमेल- सामंजस्य बनाने का भरसक प्रयास करते रहते हैं, अभी




हाल ही में जिस तरह से राम नवमी पर्व पर भगवान राम की शोभा यात्रा निकाली गई तो हमीद खान मेवाती ने अपने मुस्लिम समुदाय के लोगों को साथ लेकर शोभायात्रा पर फूलों की बरसात की और जगह जगह इस शोभायात्रा का मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जोरदार स्वागत किया यह स्वागत सत्कार मेवाती के प्रयासों से संभव हुआ कहने का तात्पर्य आज कामा में हिंदू और मुसलमानों के बीच आपस में जो एकता और प्यार मोहब्बत की भावना कायम हुई है उसमें मेवाती के प्रयास काफी सराहनीय रहे हैं ' मेवाती वर्तमान में प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री है ' मेवाती अपने संप्रदाय के लोगों को यह भी समझाते रहते हैं कि भाजपा अल्पसंख्यकों की हिफाजत करती है अल्पसंख्यकों के प्रति भाजपा हमेशा सकारात्मक सोच रखती है भले ही विपक्षी दल भाजपा को अल्पसंख्यक विरोधी बताएं लेकिन हकीकत में भाजपा सभी धर्म और जाति बिरादरी के लोगों को एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास करती रही है और सभी जाति और धर्म के लोगों का समान विकास करने की सकारात्मक सोच भी रखती है, इस तरह का संदेश मेवाती अपने संप्रदाय के लोगों के बीच देते रहते हैं जिस का प्रभावशाली अच्छा असर मुस्लिम समुदाय के लोगों पर पड़ा भी है , मेवाती के प्रयासों से मुस्लिम समुदाय के लोग अब भाजपा से जुड़ने लगे हैं ' मेवाती जितना मुसलमानों में लोकप्रिय हैं उससे कहीं ज्यादा हिंदुओं में लोकप्रिय होते जा रहे हैं इसकी खास वजह यही है कि भाजपा का यह युवा नेता जात पात में विश्वास ना करके हर जाति और बिरादरी लोगों के सुख दुख में हमेशा उनके साथ खड़ा रहता है जिसकी वजह से लोग इस नेता के व्यवहार और स्वभाव के कायल हो गए हैं जिसकी वजह से कामा विधानसभा क्षेत्र में हमीद खान मेवाती आजकल सबसे चर्चित लोकप्रिय राजनेता के रूप में स्थापित हो गए हैं।

## पंचाग

गरीबों का सितारा — निर्भीक कलम, निष्पक्ष आवाज

**दिनांक:-07अप्रैल 2023 शुक्रवार**
**विक्रम संवत2080वैशाख कृष्ण पक्ष**

| | | | |
|---|---|---|---|
| तिथि | प्रथम | 10:20:23 | |
| पक्ष | कृष्ण | | |
| नक्षत्र | चित्रा | 13:32:13 | |
| योग | हर्शण | 25:23:45 | |
| करण | कौलव | 10:20:23 | |
| करण | तैतुल | 22:18:34 | |
| चन्द्र राशि | तुला | | |
| सूर्य राशि | मीन | | |
| दिशा शूल | पश्चिम | | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 06:12:56 | |
| सूर्यास्त | 18:45:31 | | |
| चंद्रोदय | 19:59:38 | | |
| चंद्रास्त | 06:48:10 | | |
| राहू काल | 10:55-12:29 | | |
| अभिजित | 12:04-12:55 | | |
| शुभ चोघडिया | | | |
| चर | 06:13-07:47 | | शुभ |
| लाभ | 07:47-09:21 | | शुभ |
| अमृत | 09:21-10:55 | | शुभ |
| शुभ | 12:29-14:03 | | शुभ |
| चर | 17:11-18:46 | | शुभ |




ज्योतिषाचार्य
**भानुप्रकाश शास्त्री**

# श्री बजरंग धोरा धाम में हनुमान जन्मोत्सव



गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर। श्री बजरंग धोरा धाम में गुरुवार दिनांक 6 अप्रैल 2023 को हनुमान जन्मोत्सव का भव्य मेला भरा। बजरंग धोरा मंदिर के प्रधान पुजारी मनमोहन दाधीच ने गुरुवार को बताया कि जन्मोत्सव पर दोपहर 12 बजे महाआरती होने के बाद बाबा को 551 किलो बूंदी के प्रसाद का भोग लगा कर भक्तों में वितरण किया गया जिसमे भक्तों ने भी प्रसाद ग्रहण करते हुऐ बाबा के जयकारों से मंदिर गूंज उठा। श्री बजरंग धोरा विकास समिति के आशीष दाधीच ने बताया कि इस अवसर पर पंडित ब्रजमोहन दाधीच द्वारा महाआरती की। समिति के सचिव आशीष दाधीच ने बताया कि मेले में बाबा के छप्पन भोग का



प्रसाद चढ़ाया गया तथा साय आरती 7:45 बजे की गई। मेले में लक्ष्मण पारीक एंड पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी। अनुज दाधीच ने कार्यकर्ता व पुलिस प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सही पहल: सरपंच ने सुनी आम जनता की समस्याएं, किया तुरन्त निस्तारण

## ग्राम पंचायत जोरपुरा-सुन्दरियावास में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित

गरीबों का सितारा

**हिंगोनियां, राजेंद्र शर्मा ।** ग्राम पंचायत जोरपुरा-सुन्दरियावास पंचायत कार्यालय पर गुरुवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर सरपंच कजोड़मल सिंघल ने आम जनता की समस्याएं सुनी और उनका तुरंत निस्तारण किया। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान सरपंच सिंघल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रचलित योजनाओं का आम जनता को लाभ मिलें इसके लिए पंचायत प्रशासन संकल्पित है। सरकार की चिरंजीवी योजना, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री उज्जवला योजना की जानकारी दी गई। जनसुनवाई के दौरान आम जनता से नवीन पट्टों के आवेदन, जोब कार्ड, विवाह पंजीकरण, खाद्य सुरक्षा, पालनहार योजना में आ रही समस्याओं की सुनवाई की और मौके पर ही निस्तारण किया गया। पंचायत समिति सदस्य रामनिवास शर्मा ने कहा कि जनता को जनता का हक मिलना चाहिए। जनसुनवाई में आए राजेंद्र लौछब ने कहा कि पहली बार लगा है कि पंचायत प्रशासन इतना सजग तरीके से हर योजना के बारे में आम जनता को रूबरू करवा रहा है।



### खुलेंगे नए आंगनबाड़ी केंद्र

सरपंच कजोड़मल सिंघल ने बताया की आंगनबाड़ी केंद्रों की आवश्यकता को देखते हुए बावड़ी की ढाणी डुंगरी,लौछबों की ढाणी आला का बास, चिमन सागर जोरपुरा में नये आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत करवा कर आम जनता को लाभान्वित करने के लिए प्रयास जारी हैं। अतिशीघ्र आम जनता को इसका लाभ दिलाने में अहम भूमिका रहेगी। जनसुनवाई के दौरान पंचायत समिति सदस्य रामनिवास शर्मा, कनिष्ठ सहायक मोहनलाल प्रजापत, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी सन्तोष गौरा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनिता चौधरी, उर्मिला शर्मा, बीना वर्मा, सुनिता चौधरी, डॉ. राजेंद्र चौधरी, डॉ. राजकुमार वर्मा, बंशी लाल वर्मा, सुरेश बुरड़क समेत अनेक लोग मौजूद थे।

# श्री पंचमुखा हनुमान मंदिर में भव्य रूप में जन्मोत्सव मनाया

गरीबों का सितारा



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** पुरानी गिनाणी में स्थित श्री पंचमुखा हनुमान मंदिर में भव्य रूप में जन्मोत्सव मनाया गया। पुजारी भवानी शंकर पुत्र श्री किशन लाल सेवग द्वारा हनुमान बाबा की प्रतिमा को अलग तरीके से ही सजाया गया । मंदिर में लगातार हनुमान चालीसा का पाठ चल रहा था । आसकरण , विजय शंकर, शिव शंकर, महेंद्र प्रताप, डॉ अमित व्यास, डॉ अर्जुन व्यास, गौरीशंकर, पुरषोत्तम ओर मौहल्ले के अनेक गणमान्य व्यक्तियों के सहयोग से बुंदी ओर खीर के प्रसाद का वितरण किया गया।

# भाजपा खाटूश्यामजी मंडल, अलोदा ग्राम मे मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

गरीबों का सितारा

**खाटू श्याम जी (विनोद धायल)।** भाजपा का स्थापना दिवस 6 अप्रैल 2023 को भाजपा खाटूश्यामजी मंडल






द्वारा धूमधाम से मनाया गया। युवा नेता शक्ति सिंह ने बताया कि खाटू मंडल अध्यक्ष केदार मल जांगिड की अध्यक्षता ग्राम अलोदा में कार्यक्रम आयोजित किया गया ।स्थापना दिवस पर आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष संबोधन सुना गया ।सबसे पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के सामने दीप प्रज्वलित किया गया ।इस अवसर पर बूथ अध्यक्षों को परिचय पत्र वितरित किये गए। वक्ताओं ने पार्टी की स्थापना,पार्टी की रीति नीति के बारे में बताया ।पार्टी के द्वारा आगामी आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी ।सभी ने आने वाले विधानसभा चुनावों में दांतारामगढ़ से कमल खिलाने के संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा नेता मूल सिंह अलोदा, सोनाराम लामिया ,बिज्जू बधाला,गजानंद कुमावत,बाबूलाल हल्दुनिया ,मनीषा बाजडोलिया,संगीता मनोहर ,इंद्र सिंह ,दिलीप सिंह ,दिनेश, तिवारी , मनीष योगी ,सुनील ,मूल स्वामी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गूंजा जय हनुमान : अंजनी पुत्र हनुमान के जन्मोत्सव पर रही धूम

गरीबों का सितारा

**जनीश सिंह, जयपुर।** राम भक्त हनुमान जी के अवतरण दिवस पर हेम मार्ग, गणेश नगर सोडाला स्थित राम मंदिर में गुरुवार को दक्षिणेश्वर हनुमान जी का जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया गया । पंडित चेतन शर्मा ने बताया कि पिछले 30 सालों से मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया जा रहा है । इस वर्ष भी हनुमान जी की भव्य प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक किया गया, सिंदूर का चोला चढाया गया, सुंदर वस्त्र , आभूषणों व कई प्रकार के फूलों से श्रृंगार किया गया । इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे । भक्तों ने मिलकर 1008 हनुमान चालीसा और सुंदरकांड के संगीतमय पाठ किये ।केक भी काटा गया छप्पन भोग की झांकी सजाकर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया । सभी भक्तों ने एक दूसरे को हनुमान जन्म की बधाईयाँ दी। रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया भी किया गया।



# हर्षोल्लास के साथ मनाया हनुमान जन्मोत्सव

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** श्री दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर हाथोज धाम में हनुमान जन्मोत्सव स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज हाथोज धाम के सानिध्य में धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पंचामृत अभिषेक कर चमेली युक्त तेल सिंदूर का चोला चढ़ाकर बालाजी महाराज को नई पोशाक धारण कराई गई। बंगाल से आए हुए कारीगरों द्वारा बालाजी महाराज की अनुपम झांकी सजाई गई एवं बंगाल से मंगाए गए विशेष पुष्पों से भव्य श्रृंगार कर छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। श्री बालाजी कल्याण सेवा ट्रस्ट के प्रवक्ता पंडित संस्कार शर्मा ने बताया कि प्रातः 7:15 बजे धूप आरती, दोपहर 12:15 बजे राजभोग आरती एवं छप्पन भोग अर्पित कर आरती उतारी गई सायं काल 7:15 बजे संध्या आरती की गई एवं रात्रि 12:15 बजे शयन आरती की गई। चैत्र पूर्णिमा हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से पदयात्राएं प्रारंभ होकर श्री दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर हाथोज धाम पहुंची यात्रा में बैंड वादक मधुर ध्वनि बिखेरते हुए चल रहे थे पदयात्री बालाजी महाराज का जयकारा लगाते हुए नाचते कूदते यात्रा में शामिल हुए। पद यात्रियों का जगह जगह फूल वर्षा कर गन्ने का जूस पिलाकर स्वागत किया गया सायं काल आरती कर भंडारा प्रसादी का आयोजन हुआ जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।



# जोधपुर-गांधीधाम-जोधपुर एक्सप्रेस रेलसेवा करेगी समदड़ी स्टेशन पर ठहराव

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा हेतु जोधपुर-गांधीधाम-जोधपुर एक्सप्रेस रेलसेवा का समदड़ी स्टेशन पर ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 22483, जोधपुर-गांधीधाम एक्सप्रेस जो दिनांक 08.04.23 से जोधपुर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा समदड़ी स्टेशन पर 22.15 बजे आगमन एवं 22.20 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 22484, गांधीधाम-जोधपुर एक्सप्रेस जो दिनांक 09.04.23 से गांधीधाम से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा समदड़ी स्टेशन पर 06.05 बजे आगमन एवं 06.10 बजे प्रस्थान करेगी।

# नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य हेतु रेल यातायात प्रभावित

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** उत्तर रेलवे द्वारा मुरादाबाद मण्डल पर बनथरा स्टेशन पर नई लूप लाईन हेतु नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य हेतु रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित निम्न रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी:- रद्द रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से) 1. गाडी संख्या 15909, डिब्रुगढ-लालगढ रेलसेवा दिनांक 06.04.23 से 10.04.23 तक रद्द रहेगी। 2. गाडी संख्या 15910, लालगढ-डिब्रुगढ रेलसेवा दिनांक 09.04.23 से 13.04.23 तक रद्द रहेगी। रीशड्यूल रेलसेवाएं गाडी संख्या 15623, भगत की कोठी-कामाख्या एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 11.04.23 को भगत की कोठी से अपने निर्धारित समय से 04 घंटे देरी से प्रस्थान करेगी।

# हनुमान जन्मोत्सव : भक्तो की करी सेवा



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** सिविल लाइंस मित्र मंडल द्वारा हनुमान जयंती पर रामनगर स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर में ठंडाई का भंडारा लगाया गया। इस अवसर पर भाजपा पूर्व मंत्री अरूण चतुर्वेदी जी, पार्षद रेखा राठौड़, सौरभ कटारिया,राहुल सैनी, सुमित शर्मा,अमित खिंची, आलोक सैनी, हिमांशु सैनी, गीतेश बागड़ा, मोहन गुर्जर, देवराज, मानस, गज्जू, कार्तिक, प्रीतम, चर्चित आदि मौजूद रहे।

# बांसवाड़ा जिले के ठीकरिया में हुआ क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन स्टेडियम का नामकरण हरिदेव जोशी के नाम पर करने की घोषणा

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** बांसवाड़ा जिले के ठीकरिया में गुरूवार को नवनिर्मित क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी के मुख्य आतिथ्य एवं राजस्थान क्रिकेट संघ के अध्यक्ष श्री वैभव गहलोत की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया, कृषि मंत्री श्री लालचंद कटारिया, खेल राज्य मंत्री श्री अशोक चांदना, जनजाति क्षेत्रीय विकास राज्य मंत्री श्री अर्जुन सिंह बामनिया विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने श्री हरिदेव जोशी क्रिकेट स्टेडियम की उद्घाटन पट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया। स्टेडियम का निर्माण मनरेगा एवं एसएफसी मद से किया गया है, जिसके रखरखाव के लिए जिला प्रशासन और राजस्थान क्रिकेट संघ के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. सी.पी. जोशी ने कहा कि इस स्टेडियम की सही मायने में सार्थकता तभी सिद्ध होगी जब जिला क्रिकेट संघ खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने का काम करेगा। समारोह की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान क्रिकेट संघ के अध्यक्ष श्री वैभव गहलोत ने डीसीए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि बांसवाड़ा के कई क्रिकेट खिलाड़ियों ने राज्य ही नहीं बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट में एक अलग पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि इस क्रिकेट स्टेडियम के बन जाने से यहां की खेल प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया ने स्टेडियम के विकास के लिए 20 लाख रुपये, कृषि मंत्री श्री लालचंद कटारिया ने विधायक मद से 10 लाख रुपए तथा टीएडी मंत्री श्री अर्जुन सिंह बामनिया ने 30 लाख रुपए देने की घोषणा की। समारोह को संबोधित करते हुए खेल राज्य मंत्री श्री अशोक चांदना ने कहा कि राज्य सरकार खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए बजट में 500 करोड़ कर प्रावधान किया है तथा खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में 2 प्रतिशत आरक्षण दे रही है।

# यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण रेल यातायात यात्रा प्रभावित

## रेलसेवाएं मार्ग परिवर्तित रहेगा

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** उत्तर मध्य रेलवे द्वारा प्रयागराज मण्डल के रूमा-चन्दारी स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन डालने हेतु यार्ड रिमॉलिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य हेतु रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित निम्न रेलसेवाएं मार्ग परिवर्तित रहेगी 1. गाडी संख्या 12307, हावड़ा-जोधपुर रेलसेवा जो दिनांक 12.04.2023 को हावड़ा से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा अपने निर्धारित मार्ग प्रयागराज छिक्की-प्रयागराज-टूण्डला-आगराफोर्ट-अछनेरा स्टेशनों के स्थान पर प्रयागराज छिक्की-मानिकपुर-वीरांगना लक्ष्मीबाई-आगरा कैंट-अछनेरा होकर संचालित होगी। 2. गाडी संख्या 12987, सियालदाह-अजमेर रेलसेवा जो दिनांक 12.04.2023 को सियालदाह से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा अपने निर्धारित मार्ग प्रयागराज छिक्की-प्रयागराज-टूण्डला- आगराफोर्ट-अछनेरा स्टेशनों के स्थान पर प्रयागराज छिक्की-मानिकपुर-वीरांगना लक्ष्मीबाई-आगरा कैंट-अछनेरा होकर संचालित होगी। 3. गाडी संख्या 22308, बीकानेर-हावड़ा रेलसेवा जो दिनांक 12.04.2023 को बीकानेर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा अपने निर्धारित मार्ग अछनेरा-आगराफोर्ट-टूण्डला-प्रयागराज -प्रयागराज छिक्की स्टेशनों के स्थान पर अछनेरा-आगराकैंट-वीरांगना लक्ष्मीबाई- मानिकपुर-प्रयागराज छिक्की होकर संचालित होगी।


गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## व्यवसायिक शिक्षा योजना के तहत विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण




गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अंधेरी देवरी ब्लॉक मसूदा में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों को एकस्पोजर विजिट पर ले जाया गया। एकस्पोजर विजिट के तहत ऑटोमोटिव ट्रेड के अंतर्गत हीरो मंगलम वर्कशॉप ब्यावर एवं एग्रीकल्चर ट्रेड के अंतर्गत गणेश नर्सरी ले जाया गया। दोनों ट्रेड के बच्चों को प्रधानाचार्य भगवान सहाय जारोड़िया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर आशुतोष दाधीच व्याख्याता, भानु प्रकाश एवं पिन्टू बनजारा विटी उपस्थित रहे । विजिट के साथ गिरधारी लाल नवाल एवं रश्मि गुर्जर भी गए।

## गंगापुर के संदीप बाल्दी बने भाविप के राष्ट्रीय मंत्री

गरीबों का सितारा

**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गजेंद्र सिंह संधू की अनुमोदना पर राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा ने वर्ष 2023-24 के लिए परिषद् के राष्ट्रीय दायित्वधारियों के मनोनयन की सूची प्रकाशित की। सूची में भारत विकास परिषद गंगापुर शाखा के सदस्य संदीप बाल्दी को राष्ट्रीय मंत्री (ट्रस्ट एवं प्रॉपर्टीज) के रूप में चयन किया गया। संदीप बाल्दी गंगापुर शाखा से केंद्रीय नेतृत्व में प्रतिनिधित्व करने वाले पहले व्यक्ति बने। वर्ष 2008-09 से सदस्य रहते हुए बाल्दी ने पूर्व में ट्रस्ट एवं प्रॉपर्टीज मंत्री, प्रांतीय महासचिव, संगठन मंत्री- राजस्थान मध्य प्रांत, शाखा अध्यक्ष एवं संगठन के कई महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन किया है। बाल्दी के चयन पर गंगापुर शाखा के सभी सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की । 29-30, अप्रैल को राष्ट्रीय कार्यशाला, दिल्ली में बाल्दी को राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा दायित्व की शपथ दिलाई जाएगी।

## मंदिरों में विविध धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** स्थानीय क्षेत्र में श्री हनुमान जन्मोत्सव विभिन्न मंदिरों में विविध धार्मिक कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया ! सब्जी मंडी चौक श्री बालाजी मंदिर, मंसापूर्ण बालाजी, कुड़ी वाले बालाजी,चिंता हरण श्री बालाजी मंदिर सहित सभी में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया ! सभी मंदिरों में विविध धार्मिक कार्यक्रम, रामायण पाठ, सुंदर कांड पाठ , भजन कीर्तन, अखाड़े व झांकीयो का प्रर्दशन सहित कार्यक्रम आयोजित किया गया 'श्री हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में श्रद्धालुओं व भक्तों की दिनभर भीड़ देखी गई' श्री बालाजी के दूध अभिषेक एवं गंगा जल अभिषेक किया जाएगा विशेष सोना का चौला चढ़ाया गया व महिला मंडल द्वारा संगीत कीर्तन किया गया एवं अखाड़ा करंट वाले बालाजी मंदिर न्यू हाउसिंग बोर्ड एवं शनि मंदिर गुलाबपुरा के भक्त जनों द्वारा श्री नरसिंह द्वारा से शुरू होकर बावड़ी चौराहे, चारभुजा मंदिर, सदर बाजार होते हुए श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर बालाजी चौक पहुंचे सभी बालाजी मंदिरों में महाआरती एवं प्रसाद का भोग लगाकर कर वितरण किया गया।

## बोर्ड के उड़न दस्ते ने किया गया परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण



गरीबों का सितारा

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के उड़नदस्ते ने मिशन गर्ल्स उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर, बोर्ड परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया उड़न दस्ते में डॉ राकेश कटारा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, श्रीनगर, प्रधानाचार्य टीकम मीणा, प्रधानाचार्य समीर शर्मा थे जिन्होंने मिशन गर्ल्स उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर बोर्ड परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया ।केंद्राधीक्षक गजेंद्र तुनगारिया के अनुसार निरीक्षण दल ने निरीक्षण के दौरान बोर्ड परीक्षा का संचालन व्यवस्थित शांतिपूर्ण नियमानुसार पाया गया एवम्-परीक्षा रिकॉर्ड संधारण उपयुक्त पाया गया। अतिरिक्त केंद्राधीक्षक नरेंद्र फुलवारी, बोर्ड परीक्षा प्रभारी गुरुशरण गोयल, श्रीमती उर्मिला, श्रीमती मोनिका फानन, संजय गुप्ता सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

## पाटन का बास मे धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र के गांव पाटन का बास में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्म उत्सव का कार्यक्रम बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया । गांव के बीच मे स्थित पहाड़ी के उपर हनुमान मंदिर पर 06 अप्रैल गुरुवार को सारे गांव के सहयोग से भण्डारा किया गया तथा भण्डारे से सुन्दरकाण्ड पाठ



कर विधि विधान से हवन पूजन किया गया। इस दौरान स्थानीय सरपंच सरोज मीना तथा रामकरण मीना,सुरजन पटेल,कंचन लाल,कैलाश, भम्बू राम मनोनीत पार्षद,लीलाराम,रामोतार मीना,धनपाल मीना,जीताराम,प्रधान मीना , मुकेश गुरूजी सहित अनेक गणमान्य नागरिक व पंच पटेल मौजूद रहे।

### अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन ने रचा इतिहास

# ऐतिहासिक सफलता के साथ संपन्न हुआ 'राष्ट्रीय युवा कुंभ' : राजकुमार काल्या

गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा गोवर्धन, गिरिराज जी में 1 से 3 अप्रैल 2023 को गोवर्धन, गिरिराजजी में "राष्ट्रीय युवा कुंभ" का लगभग 3000 से अधिक युवा साथियों और समाज बंधुओं की उपस्थिति में आयोजन किया गया। युवा संगठन ने रचा इतिहास, धर्म नगरी में हुआ कर्म योग।"राष्ट्रीय युवा कुंभ" की शुरूआत श्रीनाथजी का अभिषेक, ध्वजा मनोरथ के साथ तथा मुखारविंद पर शाही अभिषेक के साथ की गई।एक साथ सात स्थानों पर शाही अभिषेक किया गया। राष्ट्रीय युवा कुंभ का उद्घाटन महासभा के सभापति श्याम सुंदर सोनी के मुख्य आतिथ्य में तथा महिला संगठन की अध्यक्ष मंजू बांगड़, निवर्तमान अध्यक्ष आशा माहेश्वरी, युवा संगठन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश तापड़िया, राधाकिशन सोमानी के आतिथ्य व युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार काल्या की अध्यक्षता में हुआ।रूपल मोहता, नंदकिशोर जेथलिया, प्रकाश लड्ढा, ओम तापड़िया की विशेष उपस्थिति रही। राष्ट्रीय महामंत्री आशीष जाखोटिया, कार्यक्रम समन्वयक : राहुल बाहेती, भरत तोतला, आशीष सारडा, सुरेंद्र रांधड तथा कार्यक्रम प्रभारी : शरद सोनी, रुपेश सोनी, केशव




डागा, अर्पित धूत, सी पी नामधरानी, राधे तोषनीवाल, प्रदीप लड्ढा ने पूरे कार्यक्रम की बागडोर संभाल रखी थी। महिला संगठन की कोषाध्यक्ष किरण लड्ढा, संगठन मंत्री ममता मोदानी, शोभा सादानी महासभा के संयुक्त मंत्री दक्षिणांचल सुरेंद्र मांधने व विष्णुकांत भूतड़ा, आनंद सोनी रामनिवास मानधना, अनिल मानधनी, कमल भूतड़ा, नारायण मालपानी, प्रवीण सोमानी, रमेश मनिहार, दीपक चांडक, विवेक मोहता, अमित सारडा, सवाई चांडक की विशेष उपस्थिति रही।कार्यक्रम गिरवर निकुंज, परिक्रमा मार्ग पर किया गया तथा आने जाने के लिए 200 से अधिक इलेक्ट्रॉनिक ऑटो की व्यवस्था की गई।भव्यता व गाजे-बाजे के साथ परिक्रमा मार्ग में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें प्रख्यात भजन गायक द्वारका जी मंत्री द्वारा भजन गाए गए। गिरिराज जी को 13 किलोमीटर मुख्य परिक्रमा मार्ग में धोती ओढाई गई, ऐसा प्रथम अवसर है कि पूरे परिक्रमा मार्ग पर ठाकुर जी को धोती पहनाई गई हो गिरिराज जी निवासी आमजन परिक्रमा मार्ग की सड़कों पर निकल कर आ गया और उन सब के लिए भी एक को तो हल्का यह नया विषय था ऐसा अनूठा कार्य पूर्व में कभी भी नहीं किया गया। बिजनेस कॉन्क्लेव में देश के जाने-माने प्रख्यात स्पीकर्स रिलायंस रिटेल के सीईओ दामोदर जी मल, संदीप मल, अनंत लड्ढा, मनीष मूंधड़ा, प्रीती राठी ने हिस्सा लिया और हजारों की संख्या में युवा साथियों साथियों ने बिजनेस के गुर सीखे। 'शार्क कुंभ' स्टार्टअप में 5 करोड रुपए से अधिक का फंड इन्वेस्टमेंट कार्यक्रम के दौरान ही प्राप्त हो गया और लगभग 6 करोड रुपए और फंड इन्वेस्टमेंट किए जाने की संभावना है, इस तरह से समाज में पहली बार एक प्रोग्राम में लगभग ?11 करोड की राशि स्टार्टअप में इन्वेस्टमेंट किया जाना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है।कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन की पंचम कार्यकारी मंडल बैठक एवं षोडश कार्य समिति बैठक का आयोजन ब्रिज वसुंधरा रिसोर्ट पर हुआ जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। गिरिराज जी को 3100 किलो का छप्पन भोग लगाया गया किसके यजमान अशोक सोमानी, योगेश मानधनी, अरुण लखानी व सभी युवा साथियों व समाज बंधुओं को 1-1 छप्पन भोग का डिब्बा वितरित किया गया। फूलों की होली व भव्य भजन संध्या में ध्रुव शर्मा और स्वर्णाश्री के मधुर भजनों पर सभागार में उपस्थित हजारों की संख्या में युवा साथी व समाज बंधु मंत्रमुग्ध हो गए और थिरकते हुए नाचने लगे। लगभग 500 समाज बंधुओं ने गिरिराज जी की सामूहिक दंडवत परिक्रमा की एक से एक कड़ी के रूप में जुड़ कर एक साथ दंडवत परिक्रमा करने का यह अनूठा संगम था। समापन समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार काल्या व राष्ट्रीय महामंत्री आशीष जाखोटिया द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों को एवं वर्तमान तथा पूर्व राष्ट्रीय युवा संगठन के पदाधिकारियों व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंत्रीयों को तथा महासभा व महिला संगठन के पदाधिकारियों को विशेष योगदान व सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। शरद सोनी ने सभी आगंतुक अतिथियों का धन्यवाद और आभार प्रकट किया। संपूर्ण कार्यक्रम में भारतवर्ष के 27 से अधिक प्रदेशों से तथा नेपाल, दक्षिण अफ्रीका, दुबई से समाज बंधु व युवा साथी पधारे तथा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए गिरिराज जी में समाज का एक भी परिवार निवासरत नहीं होने के बावजूद 400 से अधिक कार्यकर्ता जुटे रहे।

## भाजपा मण्डल ने मनाया भाजपा स्थापना दिवस

### अलवर में प्रस्तावित जनाक्रोश रैली को लेकर हुई चर्चा



गरीबों का सितारा

**लक्ष्मणगढ़(अलवर)।** भाजपा मण्डल बीचगावा के द्वारा भाजपा का स्थापना दिवस मण्डल अध्यक्ष रामसिहं दिनकर



की अध्यक्षता में मनाया गया। मण्डल अध्यक्ष रामसिंह दिनकर ने बताया कि मण्डल प्रवासी पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय समर्थलाल मीना व अन्य पदाधिकारियों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पमाला एवं दीप प्रज्वलित किया । पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर झंडारोहण किया।बाद में कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने पीएम नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुना। वही भाजपा नेता विजय मीना ने आगामी 12 अप्रैल को अलवर में प्रस्तावित महा जनआक्रोश रैली को सफल बनाने को लेकर कार्यकताओं व पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौपी।कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय समर्थलाल मीना, एसटी मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष श्यामसुंदर मीणा, जिला महामंत्री शेखर तमोली, महामंत्री जल सिंह चौधरी, आईटी सेल प्रभारी बनवारीलाल योगी, मंडल उपाध्यक्ष नारायण सिंह जाट, मंडल मंत्री फतेहराम, मंडल महामंत्री पीआर योगी, महावीर जांगिड़ कई दर्जन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हनुमान जी के जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा

### मुस्लिम समुदाय के युवाओ ने पुष्पवर्षा व फल वितरित कर किया स्वागत





गरीबों का सितारा

**लक्ष्मणगढ़(अलवर)।** लक्ष्मणगढ़ नवयुवक जय हनुमान सेवा समिति व बागेश्वर धाम सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर लक्ष्मणगढ़ में गाजे बाजे के साथ द्वितीय शोभायात्रा निकाली गई। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का जबरदस्त स्वागत किया। तूफान सिंह बना, जसवंत नरुका, भरत पटेल, सौरभ साहू तथा बागेश्वर धाम सेवा समिति अध्यक्ष ड़ॉ. प्रेम कुमार जैन ने बताया कि शोभायात्रा कपुरीकुई हनुमान मंदिर से प्रारम्भ होकर कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए एसबीआई बैंक के समीप पहुंच कर सम्पन्न हुई।शोभायात्रा में गणेश की झांकी, हनुमान जी, रामदरबार ओर बाबा भोले की झांकी सजाई गई। शोभायात्रा का कस्बे में कई जगहों पर लोगों के द्वारा स्वागत किया गया।

### मुस्लिम समुदाय के लोगों ने किया भव्य स्वागत

मुस्लिम समुदाय के युवाओं के द्वारा मेव समाज सदर छोटेलाल मास्टर के नेतृत्व में शोभायात्रा के भगत सिंह चौराहे पर पहुचने पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इकबाल खान व आसम खेलदार ने बताया मुस्लिम समाज के लोगो ने फल वितरित कर तथा शरबत पिलाकर हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश की गई। वही शोभायात्रा में शामिल लोगों ने हिन्दू मुस्लिम भाईचारा जिंदाबाद व बंदे मातरम व भारत माता की जयकारे लगाये। कस्बे में मुस्लिम समुदाय के द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों के किये गये पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत की कस्बे में दिनभर चर्चा रही। इस दौरान मेव समाज सदर छोटेलाल मास्टर, भाजपा नेता प्रदीप जैन, लाल मोहम्मद, सुनीता मीना, श्यामसुंदर मीना, प्रेम कुमार जैन, आशुतोष पाराशर, अशोक पाराशर, आसम खेलदार, इकबाल खान, अमन खान, शाहिद खान, सम्मा खान, जरनल खां, आंसू खां, बिश्राम सैनी, महेश शर्मा बुटोली, जतन सिंह राजपुत, जीतू पाराशर, दुल्ली सैनी, भूपेंद्र सैनी, विष्णु प्रजापत, लाखन सिंह नरुका, आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

## कार्यकर्ता चुनाव जीतने तक सीमित नहीं इसलिए भाजपा विश्व की न. वन पार्टी बनी : भूतड़ा

गरीबों का सितारा

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** भाजपा महाराणा प्रताप मंडल, द्वारा भारतीय जनता पार्टी का 43वां स्थापना दिवस मुरारका भवन में मनाया गया स्थापना दिवस को कमल संकल्प उत्सव के रूप में मना बूथ अध्यक्ष को पार्टी का डुप्टा पहना कर परिचय पत्र पहना कर सम्मानित कर सम्मान किया । इस मौके पूर्व विधायक एवं यशस्वी भाजपा अजमेर देहात जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा मण्डल अध्यक्ष नरेश मित्तल ने मुरारका भवन, डिग्गी मोहल्ला में पार्टी का ध्वजारोहण किया मंडल महामंत्री सन्तोष जाग्रत ने बताया कि भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रातः 9:30 बजे डिजिटल एलईडी के माध्यम से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का डिजिटल माध्यम से उदबोधन सुना इस अवसर पर मण्ड्ल महामंत्री सत्येन्द्र यादव उपाध्यक्ष बुधराज शर्मा, बृजकिशोर शर्मा, राकेश नरूका ,नाथुलाल पारिक, मंत्री हेमंत चंदेल, प्रकाश माली, अनिता शर्मा पार्षद रवि चौहान पार्षद तिलोकचंद शर्मा, मुन्नी देवी गहलोत जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा राजेश्वरी यादव तिलोक तालेपा जमील अहमद सन्तोष दगदी





पुष्पेन्द्र यादव शिवप्रकाश सामरिया यज्ञेश शर्मा रणजीत सांखला रमेश दगदी रामेश्वर गहलोत दिलीप खत्री राजवीर चौधरी अंकुर मित्तल शशिरंजन शर्मा शरद खण्डेलवाल पिंस मकाणा तारा सोनी मंजु गहलोत ललिता जालान संगीता द्विवेदी नटवर अरोड़ा सत्यनारायण यादव मुकेश झंवर निरंजन शर्मा, राम प्रकाश ओझा, रमेशनाथ कुनाल, चंदेल पवन बाकोलिया, प्रमोद महावर,गोविंद घावरी, रमेश चंद्र, सैन चन्द, प्रकाश अग्रवाल, अशोक भट्ट, अशोक गोयल, प्रेम चन्द टांक, मनोहर चौहान, दीपक सोलंकी, रमेश अरोड़ा, सूर्य प्रकाश, सानु मेघवाल, दिनेश धौलिया, हेमसिंह रावत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डॉ.अरुण अग्रवाल राजस्थान समरसता रत्न अवार्ड से आज होंगे सम्मानित

### अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच एवं इंडो-नेपाल समरसता ऑगेर्नाइजेशन के सयुंक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में आज होंगे सम्मानित

### राजधानी जयपुर के केसरबाग में आज राजस्थान दिवस के साप्ताहिक समापन पर होगा सम्मान समारोह

### प्रदेश की 100 से अधिक प्रतिभाओं का होगा सम्मान

गरीबों का सितारा

**जयपुर (सुनील कुमार पाराशर)।** अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच एवं इंडो नेपाल समरसता ऑर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वधान में आज 7 अप्रैल 2023 को केसरबाग जयपुर में राजस्थान स्थापना दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम के समापन पर चयन समिति के संयोजक सुभाष स्वामी ने डॉ अरुण अग्रवाल अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन जयपुर शहर राजस्थान का कर्म स्थली से विकास तक कार्यों का अवलोकन कर अनवरत परिश्रम पर भारत नेपाल सांस्कृतिक सम्मेलन में राजस्थान समरसता रत्न अवार्ड के लिए प्रतिभा के रूप में मनोनयन किया गया है' प्रेस सचिव योगेश शर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच 7300 दिवसीय कार्य योजना के अंतर्गत राजस्थान स्थापना दिवस के समापन में किया जा रहा है भारतीय राजदूतावास काठमांडौं ( नेपाल) में रजिस्टर्ड 4699/ 2018 भारतीय नागरिक एवं संयोजक अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच के नेतृत्व में एक सांस्कृतिक शिष्ट मंडल इंडो नेपाल समरसता सोशल मिशन यात्रा के अंतर्गत सम्मेलन में सम्मिलित होंगे सम्मेलन में इंडो नेपाल समरसता ऑर्गनाइजेशन द्वारा शिक्षा चिकित्सा न्याय समाज सेवा आदि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को मंच के प्रेरणा स्रोत अतिथियों द्वारा न्यायमूर्ति परमानंद झा प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल सरकार का आशीर्वाद पत्र प्रतिभाओं को भेंट किया जाएगा। डॉ अरुण अग्रवाल को मेडल शॉल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर राजस्थान समरसता रत्न अवॉर्ड से मंच द्वारा



सम्मान किया जाएगा ' प्रेस सचिव योगेश कुमार शर्मा ने बताया कि इंडो नेपाल समरसता सोशल मिशन यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत नेपाल की वैदिक कालीन संस्कृति का पुनरुत्थान हो भारत की संयुक्त संस्कृति का पुनरुथान हो ,भारत पुनः वैदिक कालीन जगतगुरु के आसन पर पद स्थापित हो ' भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में वीटो पावर के साथ स्थाई सदस्यता दिलवाने के उद्देश्य से सदस्य राष्ट्रों का नैतिक समर्थन की आशा से प्रेरित अभियान है ' कार्य योजना को मूर्त रूप देने कार्य निष्पादन के लिए स्वःपोषित वित्तीय व्यय योजना में स्वैच्छिक सहयोग के लिए मंच के प्रेरक सदस्यों पर भामाशाह से अपील की जा रही है ' अरुण अग्रवाल सत्यता निष्पक्ष त्वरित पारदर्शी बाधारहित गुणवत्तापूर्ण व सुविधाजनक तरीके से सेवा उपलब्ध कराने वाले समाज के अनुकरणीय व्यक्तित्व है। देश में राष्ट्रीय एकल सर्वधर्म सद्भाव समावेश विकास इत्यादि विषयों को लेकर अरुण अग्रवाल समाज के महननीय एवं प्रबुद्ध व्यक्तियों से रूबरू होंगे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

चिंतन

# राजनीति के लिए संसद ठप करना चिंताजनक

देश की राजनीति से परिवारवाद, वंशवाद, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद और संप्रदायवाद का अंत होना ही चाहिए, जैसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है। लेकिन इसी के साथ संसद संचालन में 'राजनीतिक अवरोध' का समाधान भी जरूरी है। केवल और केवल राजनीति के लिए संसद को ठप करने की प्रवृत्ति खतरनाक है। इस बार बजट सत्र के दूसरे चरण में ना लोकसभा चली और न ही राज्यसभा। खास बात है कि इस बार सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों ने मिलकर संसद नहीं चलने दी। एक तो देश में संसद सत्र विश्व के अन्य देशों के मुकाबले कम दिनों के लिए आहूत होते हैं, उसमें भी अगर सयास संसद को चलने ही न दिया जाय तो यह अपने दायित्वों के प्रति विश्वासघात है। सांसदों का दायित्व है कि वह संसद का कामकज सूचारू करें, सत्ता पक्ष का भी दायित्व है कि वह सुचारू रूप से संसद चलाए और विपक्ष का भी देश के प्रति कर्तव्य है कि वह संसद चलने दें और संसद में देश के मुद्दों पर चर्चा करें। करीब एक दशक से अधिक समय से देखने को मिल रहा है कि विपक्ष में जो भी दल हों, वो संसद को ठप कराने के तिकड़म में लिप्त रहते हैं। लगता है जैसे संसद को ठप करना देश की राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा बन चुका है। संसद के दोनों सदनों को बृहस्पतिवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया तथा विभिन्न मुद्दों पर हुए हंगामे एवं गतिरोध के कारण बजट सत्र के दौरान लोकसभा में महज 34 प्रतिशत और राज्यसभा में मात्र 24.4 प्रतिशत ही कामकाज हो पाया। संसद में गतिरोध के लिए जहां सत्ता पक्ष ने विपक्ष पर आरोप लगाया, वहीं कांग्रेस, बीआरएस, तृणमूल कांग्रेस और सपा समेत कई विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि इस सत्र में कार्यवाही बाधित रहने के लिए पूरी तरह सरकार जिम्मेदार है। सवाल है कि केवल आरोप लगा देने भर से सत्ता पक्ष और विपक्ष की लोकतांत्रिक व संवैधानिक जिम्मेदारी की इतिश्री हो जाती है? आखिद संसद के प्रति जिम्मेदार कौन होंगे? क्या लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति अपने-अपने दायित्व से बच सकते हैं? संसद में देश के मुद्दों पर चर्चा क्यों नहीं हो पा रही है? आम बजट जैसे गंभीर विषय पर सरकार व विपक्ष की बहस में रुचि नहीं होना आखिर देश में कैसी स्थिति का इशारा है? क्या पार्टियों के लिए सियासत इतनी अहम है कि उनके सामने संसद का ध्येय ही बौना हो जाय? सियासत भी तो इसी संसद में आने के लिए होती है और यहां आकर भी अगर संसद को ठप ही कराना है तो फिर ऐसी सियासत किसके लिए? क्या दलों को अपने आवाम की रत्ती भर भी चिंता नहीं होती? देश के लोकतंत्र पर सवाल उठते हैं तो सत्ता पक्ष विचलित होते हैं। लोकतंत्र पर सवाल सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों के लिए विचारणीय है। केवल चुनाव संपादन ही तो लोकतंत्र के चलते रहने का प्रमाण नहीं है। लोकतंत्र की सभी धुरियों का जीवंत, जवाबदेह और पारदर्शी होना भी जरूरी है। कार्यपालिका और विधायिका के साथ विपक्ष भी अपने दायित्वों को समझें, व्यर्थ की राजनीतिक नूराकुश्ती में संसद सत्र के बहुमूल्य समय को नहीं जाया होने दें। केवल आरोप और प्रत्यारोप से लोकतंत्र मजबूत नहीं होगा और संसद की सार्थकता कायम नहीं रहेगी। पक्ष व विपक्ष के सांसदों को अपने संसदीय व्यवहार पर आत्ममंथन करना चाहिए। क्या हंगामा से देश की दशा व दिशा बदलेगी? डेडलॉक पॉलिटिक्स का अंत होना चाहिए।



विश्व स्वास्थ्य दिवस
डॉ. अदिति अरुण

# सबको मिले स्वास्थ्य, पर कैसे?

भारत ने 1978 में ''अल्माअता घोषणा पत्र'' पर हस्ताक्षर कर ''वर्ष 2000 तक सबके लिए स्वास्थ्य'' लक्ष्य पाने की प्रतिबद्धता जताई थी। 1981 में आईसीएसएसआर (इंडियन काउंसिल फॉर सोशल साइन्स रिसर्च) तथा आईसीएमआर (इंडियन काउन्सिल फॉर मेडिकल रिसर्च) के संयुक्त पैनल ने 'सबके लिए स्वास्थ्य – एक वैकल्पिक राजनीति'' शीर्षक से एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की थी। 1983 में भारतीय संसद ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति को पारित कर इस लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प लिया था। लेकिन आज तक इस नीति पर न तो अमल हुआ है और न ही किसी भी राजनीतिक दल के मुख्य एजेण्डा में यह मुद्दा शामिल हुआ।

वर्ष 2023 के विश्व स्वास्थ्य दिवस (7 अप्रैल) का थीम डब्लूएचओ ने फिर से "सब के लिए स्वास्थ्य" तय किया है। आम लोगों को लगेगा कि यह तो बहुत सराहनीय है। वैसे भी कथित तेज़ आर्थिक विकास के दौर में लोगों का स्वस्थ्य रहना ज़रूरी है, व्यवहार में भले ही यह संभव न हो। कम से कम लोग नाउम्मीद तो नहीं होंगे ! भारत सरकार के नीति आयोग ने विगत 27 दिसंबर 2021 को राज्य स्वास्थ्य सूचकांक तात चैथा संस्करण जारी किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार देश का सबसे ज्यादा आबादी वाला राज्य उत्तरप्रदेश (30.57 अंक के साथ) सबसे निचले पायदान पर है, जबकि कम आबादी वाला राज्य केरल (82.2अंक के साथ) राज्य सूचकांक में सबसे ऊपर है। हिन्दी पट्टी के लगभग सभी राज्य स्वास्थ्य सूचकांक में अच्छी स्थिति में नहीं हैं। बिहार (31),मध्य प्रदेश (36.72), हरियाणा (49.26), असम (47.74), झारखंड (47.55), ओडिसा (44.31), उत्तराखंड (44.21), राजस्थान (41.33) आदि राज्यों का इंडेक्स स्कोर 50 से कम ही है। ज़ाहिर है स्वास्थ्य सूचकांक की यह दशा सबके लिए स्वास्थ्य के जुमले को यथार्थ में कैसे बदल पाएगी? बिना मज़बूत हेल्थ ढांचे के जन जन तक स्वास्थ्य को पहुँचाना भला कैसे संभव होगा?

हमारे देश में स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे कभी आर्थिक सुधारों के केन्द्र में नहीं रहे बल्कि इन्हें सुधारों के मुख्य लक्ष्य, निवेश और विकास की राह में बाधक माना जाता है। देखा जा सकता है कि विभिन्न संक्रामक रोगों में आर्थिक सुधार एवं सरकार की नई आर्थिक नीतियों का 'जन स्वास्थ्य' पर गहरा असर है। भारत ने 1978 में ''अल्माअता घोषणा पत्र'' पर हस्ताक्षर कर ''वर्ष 2000 तक सबके लिए स्वास्थ्य'' लक्ष्य पाने की प्रतिबद्धता जताई थी। 1981 में आईसीएसएसआर (इंडियन काउंसिल फॉर सोशल साइन्स रिसर्च) तथा आईसीएमआर (इंडियन काउन्सिल फॉर मेडिकल रिसर्च) के संयुक्त पैनल ने 'सबके लिए स्वास्थ्य - एक वैकल्पिक राजनीति'' शीर्षक से एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की थी। 1983 में भारतीय संसद ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति को पारित कर इस लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प लिया था। लेकिन आज तक इस नीति पर न तो अमल हुआ है और न ही किसी भी राजनीतिक दल के मुख्य एजेण्डा में यह मुद्दा शामिल हुआ। यह वैश्विक आपदा का दौर है। इसमें जहां देश के लोग सरकार से वैश्विक स्तर के पहल की उम्मीद कर रहे हैं, वहां सरकार सम्पन्न और बाजार को अहमियत देने वाले देशों का मात्र नकल कर रही है। 1977 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की तीसवीं विश्व स्वास्थ्य सभा ने सत्रह दिनों की मैराथन बैठक के बाद "2000 तक सबको स्वास्थ्य" का संकल्प स्वीकार किया था। दुनिया भर में इस घोषणा और पहल की सराहना हुई थी। इस बैठक में 194 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। लक्ष्य के 23 वर्षों के बावजूद "2000 तक सब को स्वास्थ्य" का नारा जुमला सिद्ध हुआ। उस दौरान सरकारों की पहल और स्वास्थ्य कार्यक्रमों को देख कर जन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने स्थिति का अंदाज़ा लगा लिया था और




तब "लोगों के स्वास्थ्य के अधिकार" की गारंटी की माँग उठने लगी थी। इस दौरान "सबके लिए स्वास्थ्य" के संकल्प के प्रति सरकार कितनी गंभीर थी, इसका अंदाज़ा आप इसी से लगा सकते हैं कि तब सरकार स्वास्थ्य पर कुल बजट का एक फ़ीसद भी ख़र्च नहीं कर पा रही थी। स्पष्ट है कि संकल्प और घोषणा के बावजूद भी लोगों का स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकता सूची में नहीं था। बाद में 2000 से 2015 तक "मिलेनियम डेवलपमेंट गोल" की घोषणा कर दी गई। यह समय भी बीत गया। हुआ कुछ ख़ास नहीं। फिर 2015 से 2030 तक के लिए "सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल" का लक्ष्य तय कर दिया गया। यानी अमल हो या न हो जुमलों की घोषणा होती रही।

सवाल है कि जन स्वास्थ्य की इतनी महत्ता और जरूरत के बावजूद भारत में इसकी उपेक्षा की मुख्य वजहें क्या हैं। सरकार चाहे किसी भी राजनीतिक दल की हो, जन स्वास्थ्य की हालत एक जैसी ही है। देश में ''सबको स्वास्थ्य'' के संकल्प के बावजूद विगत दो दशक में हम देश में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को भी खड़ा नहीं कर पाए। उल्टे 'सबको स्वास्थ्य' के नाम पर हमने गरीब बीमारों को बाजार के हवाले कर दिया है। आम आदमी की सेहत को प्रभावित करने वाले रोग टीबी, मलेरिया, कालाजार, मस्तिष्क ज्वर, हैजा, दमा, कैंसर आदि को रोक पाना तो दूर हम इसे नियंत्रित भी नहीं कर पाए, उल्टे जीवन शैली के बिगाड़ और अय्याशी से उपजे रोगों को महामारी बनने तक पनपने दिया। अब स्थिति यह है कि रोगों का भी एक वर्ग और टी.बी., मस्तिष्क ज्वर, पोलियो गरीबों के रोग कहे जाने लगे और मधुमेह, उच्चरक्तचाप, थायराइड, हृदय रोग आदि अमीरों के रोग मान लिए गए। हम भूल गए कि जन स्वास्थ्य की पहली शर्त है कि रोग से बचाव। इसमें जाति, धर्म और नस्ल तलाशने की बजाय यदि समाज और सरकार व्यापक बचाव की राह बढ़ती और इसके समग्र पहलुओं पर विचार करती तो स्थिति कुछ और होती।

भारत में स्वास्थ्य की स्थिति पर नज़र डालें तो सूरत ए हाल और चिन्ताजनक है। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी खस्ता है। अन्य देशों की तुलना में भारत में कुल राष्ट्रीय आय का लगभग 4 प्रतिशत ही स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च होता है जबकि चीन 8.3 प्रतिशत, रूस 7.5 प्रतिशत तथा अमेरिका 17.5 प्रतिशत खर्च करता है। विदेशों में हेल्थ की बात करें तो फ्रांस में सरकार और निजी सैक्टर मिलकर फंड देते हैं जबकि जापान में हेल्थकेयर के लिये कम्पनियों और सरकार के बीच समझौता है। आस्ट्रिया में नागरिकों को फ्री स्वास्थ्य सेवा के लिये "ई-कार्ड" मिला हुआ है। हमारे देश में फिलहाल स्वास्थ्य बीमा की स्थिति बेहद निराशाजनक है। अभी यहां महज 28.80 करोड लोगों ने ही स्वास्थ्य बीमा करा रखा है इनमें 18.1 प्रतिशत शहरी व 14.1 फीसदी ग्रामीण लोगों के पास हेल्थ इंश्योरेंस है। इसमें शक नहीं है कि देश में महज इलाज की वजह से गरीब होते लोगों की एक बड़ी संख्या है। अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान ;एम्स के एक शोध में यह बात सामने आई है कि हर साल देश में कोई 8 करोड लोग महज इलाज की वजह से गरीब हो जाते हैं। यहां की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था ऐसी है कि लगभग 40 प्रतिशत मरीजों को इलाज की वजह से खेत-घर आदि बेचने या गिरवी रखने पड़ जाते हैं।

समाधान के रूप में डब्लूएचओ तथा विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) ''स्वास्थ्य में निवेश'' की बात करता है। उक्त दोनों अन्तरराष्ट्रीय संगठनों ने इसके लिए पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल को अपनाने का सुझाव दिया। इसके विगत तीन दशकों में रोग भी जटिल हुए और विषमता भी बढ़ी है।

(लेखिका युवा होमियोपैथिक चिकित्सक एवं आहार विशेषज्ञ हैं। वह सम्प्रति लन्दन में कार्यरत हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
डा. ऐश्वर्या झा




# अमृतकाल में सबके लिए स्वास्थ्य बने प्राथमिकता

कोरोना महामारी के बाद मानव को फिर से एहसास हो गया है कि स्वास्थ्य ही मनुष्य का सबसे बड़ा धन है एवं शरीर की प्रतिरोधक क्षमता सबसे बड़ी पूंजी । विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना की वर्षगांठ को चिह्नित करने के लिए हर साल 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है सभी के लिए स्वास्थ्य। पिछले कुछ वर्षों में सभी का झुकाव स्वस्थ जीवन की तरफ हुआ है। अब हम सभी अपने भोजन, पोषण एवं साफ़ सफाई की ओर अधिक ध्यान देने लगे हैं। व्यायाम, योग एवं सैर आदि की एहमियत को भी समझ रहे हैं। किसी भी देश का सामाजिक-आर्थिक विकास उस देश के स्वस्थ एवं सेहतमंद नागरिकों पर निर्भर करता है। भारत सकल राष्ट्रीय आय की दृष्टि से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, लेकिन जब बात स्वास्थ्य सेवाओं की आती है तो हमारी स्थिति काफी दयनीय साबित होती है। आज़ादी के अमृत काल में स्वतंत्रता से एक वर्ष पूर्व 1946 में बने जोसेफ विलियम भोरे के नेतृत्व में समिति के परिकल्पना के आस पास भी स्वास्थ्य सेवा पहुंच नहीं पायी है। इस समिति ने प्रति 40,000 की आबादी के लिए एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जिस में 2 डॉक्टर, एक नर्स सहित कई बुनियादी सेवा की बात की थी। उसके बाद देश में तीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति वर्ष 1983, 2002 एवं 2017 में लागु की गयी। हालांकि, सार्वभौमिक, सस्ती और गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं आज भी चुनावी वादे ही हैं। भारत ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी प्रगति की है। जीवन प्रत्याशा 67 वर्ष को पार कर गई है, शिशु और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में गिरावट आ रही है, साथ ही रोग की घटनाओं की दर भी कम हो रही है। पोलियो, गिन्नी कृमि रोग, टिटनेस जैसी कई बीमारियां समाप्त हो चुकी हैं। इस प्रगति के बावजूद सार्वजनिक स्वास्थ्य अभी भी एक चुनौती है।




भारत के सरकारी सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र की स्थिति आज भी संतोषजनक नहीं है। लगभग आधे से अधिक व्यक्ति रोगग्रस्त होने पर निजी क्षेत्र के चिकित्सकों से उपचार प्राप्त करने के लिए मजबूर हैं। नतीजे में प्रति वर्ष करोड़ों परिवार निर्धनता की अवस्था में पहुंच जाते हैं। एक ग़रीब व्यक्ति की औसत आयु मध्यम आय वाले से कम से कम 7 वर्ष कम होती है। निजी क्षेत्र जो बाज़ार के आधार पर केवल बड़े नगरों तक सीमित है, आम जनता का खून चूस रही है, और गरीबी के दलदल में फंसा रही है। आज भी अधिकांश आबादी गांव में रहती है किंतु ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी 2021-22 की रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में सर्जन डाक्टरों की लगभग 83 प्रतिशत की कमी है। बालरोग चिकित्सकों की 81.6 फीसदी, फिजिशियन की 79.1 प्रतिशत एवं प्रसूति एवं स्त्री रोग की 72. 2 % विशेषज्ञों की कमी है। स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित सबसे प्रमुख चुनौती है आबादी के अनुपात में अस्पतालों व डॉक्टरों की कमी। सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं, आधारभूत संरचना, दवाइयों, कुशल व प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य सुविधाओं की भारी कमी है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएँ सबसे बदतर हालात में हैं। इन सब के बीच, राजस्थान स्वास्थ्य का अधिकार के तहत आम नागरिक के इलाज की गारंटी देने वाला देश ही नहीं बल्कि एशिया और अफ्रीका महाद्वीप में पहला राज्य बन गया है। हालांकि विरोध में निजी डॉक्टरों की हड़ताल के चलते सरकार के बैकफुट पर आने से योजना पर ग्रहण लग सकता है। सरकारी स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली के भीतर बुनियादी ढांचे के निर्माण में समुचित ध्यान नहीं दिया गया। वित्त वर्ष 2023 में स्वास्थ्य क्षेत्र पर सरकार का बजट खर्च जीडीपी का 2.1% था, जो वित्त वर्ष 2021 में 1.6% था। सरकारी आंकड़े की मानें तो आयुष्मान भारत योजना से लगभग 22 करोड़ लोग लाभान्वित हुए हैं और देश भर में 1.54 लाख से अधिक स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र स्थापित किये गए हैं। इसे बढ़ाने की काफी जरूरत है तभी आबादी के अनुपात में डॉक्टर अस्पताल एवं अन्य सुविधाओं का विस्तार हो सकेगा। एसडीजी -3 पूरे विश्व में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज के अंतर्गत सभी पुरुषों व महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की समान पहुंच, बाल मृत्यु दर की रोकथाम ,कुपोषण और महामारी समाप्त करने की वकालत करता है। सबका साथ सबका विकास का उद्देश्य सबके स्वास्थ्य से ही पाया जा सकता है। आजादी के अमृत काल की सार्थकता तभी होगी जब हर गांव में अस्पताल और चिकित्सक उपलब्ध होगा।

## अहं मुक्ति का अनंत सुख



संकलित
दर्शन

सृष्टि चक्र की तरह चल रही है। जो नया है, वही भूतकाल बनकर पुराना हो जाता है। सतयुग, त्रेता, द्वापर, कलियुग और फिर वही सतयुग से कलियुग की कहानी शुरू हो जाती है। वही पुराना चक्राकार घूमकर पुनः नया होकर आ जाता है। हम पुराने नहीं कहलाना चाहते हैं, इसलिए वर्ष को भी हर वर्ष नया बोलते हैं। यदि नया कुछ करना है तो यह करें कि संकल्प लें कि हमने अब तक जो किया, उसमें जो नहीं करने योग्य है, वह अब नहीं करेंगे। हम हर दूसरे से कुछ न कुछ सीखेंगे। निंदा करने की तुलना में निंदनीय से प्रेरणा लेना अधिक श्रेयस्कर है। सृजन के सूत्र हैं- पंच महाभूत यानी पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश। संसार में सारा सृजन इन्हीं से बना है। इन्हीं के रहते हम कर्ता हैं, अन्यथा कर्म और कर्ता की कोई स्थिति है ही नहीं। हम गाड़ी को पहाड़ पर चढ़ाते हैं, तो टायर, पहिया, इंजन, पेट्रोल, बैटरी और हम सब मिलकर ऊपर चढ़ते हैं, पर हम कहते हैं कि गाड़ी हमने चढ़ाई, बाकी सबको विस्मृत कर देते हैं। जड़ की सत्ता को अस्वीकारना ही तो जड़ता है। विचित्र बात है कि जड़ कभी नहीं कहता कि मैंने किया और जो स्वयं को चैतन्य समझने वाला मनुष्य है, वह कहता है कि सब मैंने किया। वस्तुतः चैतन्य तो वह है, जो हर पदार्थ में पूर्ण चैतन्य ईश्वर की सत्ता देखे। हमारा सारा सृजन हजार गुना मूल्यवान हो जाएगा, यदि हम दिखाई देने वाली सत्ता के पीछे न दिखाई देने बाली अदृश्य शक्ति को स्वीकार लें।

## दिखने वाली समस्या समाधान भी हो सकती हैं



संकलित
प्रेरणा

रामायण का किस्सा है। रावण ने सीता का हरण किया तो उनकी खोज में राम और लक्ष्मण जंगल में भटक रहे थे। शबरी के कहने पर वे सुग्रीव से सहायता मांगने गए। सुग्रीव अपने भाई बाली से बचने के लिए ऋष्यमूक नाम के पहाड़ पर रहते थे क्योंकि बाली एक शाप के कारण इस पहाड़ पर नहीं आ सकता था। राम और लक्ष्मण को ऋष्यमूक पहाड़ के पास देखकर सुग्रीव घबरा गए। उन्हें लगा कि बाली खुद नहीं आ सकता है तो उसने मुझे मारने के लिए योद्धा भेज दिए हैं। सुग्रीव ने हनुमान से कहा कि वो उनकी रक्षा करें। हनुमान ने जवाब दिया कि बिना ये समझे कि वो लोग कौन हैं, कोई फैसला नहीं करना चाहिए। पहले उनके पास जाकर ये पता करना चाहिए कि ये दो लोग कौन हैं? हनुमान ने अपना रूप बदला और ब्राह्मण बनकर राम-लक्ष्मण के पास पहुंचे। जब बात की तो पता चला ये वो राम हैं, जिनका नाम हनुमान दिन-रात जपा करते हैं। अनायास राम को अपने आसपास पाकर हनुमान का प्रसन्न होना स्वाभाविक था। वे किसी न किसी रूप में अपने आराध्य की सेवा करना चाहते थे। वे दुश्मन नहीं है, सुग्रीव से मदद मांगने आए हैं। दूर से जो समस्या दिख रही थी, वो दरअसल समाधान थी। हनुमान सिखाते हैं, किसी भी परिस्थिति से डरें नहीं, उसे समझने की कोशिश करें। हो सकता है, वो आपके लिए मददगार साबित हो।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### मानसिक रोगियों की संख्या बढ़ना चिंताजनक

हमारे देश में आज शारीरिक अस्वस्थ लोगों का आंकड़ा ही नहीं बढ़ रहा है, बल्कि मानसिक रोगी भी बढ़ रहे हैं। मानसिक रोगी होने के मुख्य कारण अमीरों के तो लोक दिखावा, जो मिला है उसमें संतुष्ट न होना, इच्छाओं पर नियंत्रण न होना आदि है, और गरीबों का मुख्य कारण गरीबी हो सकता है, लेकिन हम अपने आसपास देखेंगे तो बहुत ही कम गरीब ऐसे होंगे जो मानसिक स्वास्थ्य संकट के दायरे में आए होंगे। मानसिक स्वास्थ्य खराब के आंकड़े बढ़ने के कारण ही तो देश में आत्महत्या के केस बढ़ते जा रहे हैं। मानसिक संकट के दलदल में आम आदमी ही नहीं, बल्कि फिल्म जगत के छोटे-छोटे कलाकार भी डूब रहे हैं, तभी तो वहां भी आत्महत्या के मामले सामने आ रहे हैं। मानसिक रोग से बचने के लिए हमें जो मिला है, उसी में संतुष्ट रहना है।

*-संजय त्यागी, जगदलपुर*

## करंट अफेयर

### महिलाओं पर तालिबानी फैसला मंजूर नहीं : संरा


संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि अफगान महिला कर्मचारियों को एजेंसी में काम करने से रोकने के तालिबान के फैसले को स्वीकार नहीं किया जा सकता और यह निर्णय महिलाओं के अधिकारों का घोर उल्लंघन है। इसके एक दिन पहले संयुक्त राष्ट्र ने कहा था कि अफगानिस्तान में सत्तारूढ़ तालिबान ने उसे सूचित किया है कि वैश्विक निकाय के लिए अफगान महिलाओं के काम करने पर रोक लगा दी गई है। उससे पहले, संयुक्त राष्ट्र मिशन ने उसकी महिला कर्मचारियों को पूर्वी नांगरहार प्रांत में काम करने से रोकने की खबरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। तालिबान ने मानवीय सहायता के वितरण को बाधित करते हुए अफगान महिलाओं के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठनों के लिए काम करने पर भी रोक लगा दी है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने पर रोक नहीं थी। लेकिन तालिबान ने पुराने आदेश को इस सप्ताह बदल दिया। संयुक्त राष्ट्र मिशन ने बुधवार को कहा कि तालिबान के आदेश के अनुसार किसी भी अफगान महिला को अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने की अनुमति नहीं होगी और यह कदम प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।




## ऑफ बीट


### जलवायु परिवर्तन मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित करता है

एक मनोवैज्ञानिक के रूप में, मैं दस वर्षों से अधिक समय से जलवायु परिवर्तन पर मनोवैज्ञानिक और सामाजिक प्रतिक्रियाओं के बारे में शोध, लेखन और बात कर रहा हूं। इस संबंध में सामान्य प्रतिक्रिया अत्यधिक चिंता के रूप में सामने आती है। यूनिवर्सिटी ऑफ बाथ ने हाल ही में अपने 2023 क्लाइमेट एक्शन सर्वे के नतीजे प्रकाशित किए। लगभग 5,000 उत्तरदाताओं में से, 19% छात्रों और 25% कर्मचारियों ने कहा कि वे जलवायु परिवर्तन के बारे में 'बेहद चिंतित' थे, जबकि 36% और 33% ने कहा कि वे 'बहुत चिंतित' थे। पिछले वर्ष के सर्वेक्षण के परिणामों की तुलना में जलवायु संबंधी चिंता अधिक थी। 2021 में, जलवायु परिवर्तन के बारे में बच्चों और युवाओं ने कैसा महसूस किया, इसके बारे में एक वैश्विक सर्वेक्षण में समान रूप से उच्च स्तर की चिंता पाई गई। 10,000 प्रतिभागियों में से अधिकांश ने उदासी, चिंता, क्रोध, बेबसी, लाचारी और अपराधबोध जैसी भावनाएं व्यक्त कीं। इस घटनाक्रम को इको-चिंता कहा जाता है, और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि इतने सारे लोग इससे पीड़ित हैं।



## ट्रेंड

### बजरंगबली की तरह



आज भारत उन बजरंगबली की तरह है, जिन्हें अपनी शक्तियों का आभास हो चुका है। इसलिए हनुमान जयंती पर भाजपा भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ कठोर रुख के अपने संकल्प को दोहराती है। इसे सहन नहीं किया जाएगा।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### विपक्ष की आवाज़



देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ, सत्ता पक्ष ने संसद को ठप करके "लोकतंत्र" की हत्या कर दी। परम मित्र को बचाने की क़वायद में रौंदे सारे संसदीय रिवाज़, षड्यंत्र रच, डिसक्वालिफाई कर दबा दी विपक्ष की आवाज़।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### क्रियान्वयन बहुत आवश्यक



सफलता की प्राप्ति के लिए ज्ञान, पुरुषार्थ के अतिरिक्त सही योजना और उनका समय पर क्रियान्वयन बहुत आवश्यक है। अपने आध्यात्मिक लक्ष्यों के प्रति सचेत और एकनिष्ठ रहना उत्तम साधक के स्वाभाविक गुण हैं।

**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### सभी का धन्यवाद



यह व्यवसाय नहीं है। यह पूरी तरह से व्यक्तिगत है। लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाना और उनका मनोरंजन करना हमारा काम है। अगर हम इसे व्यक्तिगत रूप से नहीं लेंगे तो यह कभी नहीं होगा। उन सभी को धन्यवाद जिन्होंने पठान को प्यार दिया।

**-शाहरुख खान, अभिनेता**




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

## भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यकताओं में दिखा उत्साह

गरीबों का सितारा



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** भारतीय जनता पार्टी का 43 वां स्थापना दिवस गुरुवार को मनाया गया केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार स्थापना दिवस को कमल संकल्प उत्सव के रूप में मनाया गया है डिजिटल एलइडी के माध्यम से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का डिजिटल माध्यम से उद्बोधन रहा भाजपा के सभी कार्यकताओं ने अपने प्रतिष्ठान एवं घरों पर अपने परिवार के साथ पार्टी का ध्वज भी फहराया स्थापना दिवस पर भाजपा देहात महिला मोर्चा के मंत्री मंजू जांगिड़ ने भी अपने घर पर भारतीय जनता पार्टी का ध्वज फहराया।

## भाजपाईयों ने कमल संकल्प उत्सव के रूप में मनाया स्थापना दिवस



गरीबों का सितारा

**गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धनराज गुर्जर व पालिका उपाध्यक्ष सांवरनाथ योगी के आतिथ्य में भाजपाइयों ने भाजपा स्थापना दिवस पर कमल संकल्प उत्सव गुलाब बाबा कि धुणी पर मनाया। भाजपा पदाधिकारियों द्वारा भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धनराज गुर्जर के घर भाजपा स्थापना दिवस पर पार्टी का झंडा भी लगाया गया' शीर्ष नेतृत्व के अनुसार पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवसिंह राठौड़, ओमप्रकाश दाधीच, कैलाश लड्ढा,मुन्ना भाई,कानसिंह राठौड़, सूरजकरण साहू, कृष्णगोपाल व्यास,फकरुदीन खान,शक्तिकेन्द्र संयोजक प्रवीण सारडा, बुथ अध्यक्ष सुशील गगड्ड, पवनराज पारीक का स्वागत व सम्मान किया गया' मंच संचालन कृष्णसिंह राजावत ने किया! कार्यक्रम के अंत मे मंडल अध्यक्ष हरीश शर्मा ने सभी अतिथियों,पार्षद,वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया।इस दौरान भाजपा नगरमंडल महामंत्री अनूप जोजावत,महिला मोर्चा अध्यक्ष रजना व्यास,एससी मोर्चा अध्यक्ष कालूराम बैरवा,मण्डल उपाध्यक्ष गौतम आंचलिया,पिन्टु वैष्णव,पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह चूंडावत,पार्षद महादेव जाट,रोहित चौधरी,मीडिया प्रभारी गोपाल तिवाड़ी,मंडल मंत्री संजय सेनी,सोशल मीडिया प्रभारी अजय गुर्जर,अल्पना मोदी,राजेश पाराशर,विनय शर्मा आदि मौजूद रहे ।

## पुनर्वास बोर्ड का सदस्य बनने पर पुर्व जिला पार्षद बेनीप्रसाद कटारिया का किया सम्मान

### के.सी.घुमरीया ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया सम्मान



गरीबों का सितारा

**बस्सी (रामफूल मीणा)।** गुरुवार को बस्सी उपखंड क्षेत्र से पुनर्वास बोर्ड सदस्य बनाए जाने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला पार्षद बेनीप्रसाद कटारिया का राष्ट्रीय समन्वयक कांग्रेस पार्टी के .सी.घुमरीया ने कटारिया को पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं माला पहनाकर और मुंह मीठा करवाकर सदस्य बनाए जाने पर बधाई दी और कटारिया ने निर्धन व्यक्तियों के पुनर्वास बोर्ड सदस्य बनाए जाने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का भी आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया और इस दौरान कैलाश चन्द मीणा बड़वा, बस्सी नगर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष रामलाल खोलियां और महासचिव नगर कांग्रेस बस्सी चमन लाल भार्गव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## चिरंजीवी एवं आरजीएचएस में इलाज शुरू : डॉ विजय पाल यादव

गरीबों का सितारा



**अलवर (युवराज शर्मा)।** हड़ताल के बाद काफी लोगों को संशय है कि अब हमारा इलाज चिरंजीवी में या आरजीएचएस में होगा या नहीं तो डॉक्टर विजयपाल यादव अध्यक्ष प्राइवेट अस्पताल संघर्ष समिति ने बताया कि चिरंजीवी एवं आर जी एच एस योजना के तहत हड़ताल से पहले की तरह ही इलाज होगा एवं जनता से भी अपील है कि किसी के बहकावे में नहीं आए आपका इलाज हो रहा है अतः आप अपना इलाज करवा सकते हैं आर टी एच बिल के तहत अलवर जिले में एक भी प्राइवेट अस्पताल नहीं आता क्योंकि यहां पर किसी भी अस्पताल में अनुदान पर जमीन या भवन नहीं ले रखा, गरीबों का सितारा न्यूजपेपर की टीम ने जब प्रेसिडेंट विजयपाल यादव जी से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि सरकार बोल रही है की जो डॉक्टरों की हड़ताल खत्म हुई है उसमें जनता की जीत हुई है डॉ विजय पाल यादव आईएमए प्रेसिडेंट ने बताया कि यह जीत हम सभी डॉक्टरों की जीत है जो हम लोगों ने सरकार को हिला के रख दिया और सरकार डॉक्टरों के आगे झुक गई।

## चौहान ने 11 हजार की लागत के तीन कैमरे संस्था को किए भेंट



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** वैसे देखा जाए तो इस चराचर युग में ऐसे कई भामाशाह एवं निष्काम कर्म करने वाले हुए हैं जिन्होंने अपने कर्म स्थली की बदौलत अपना नाम को तिरोहित किया है निसंदेह कलमकार का दृष्टांत आज ऐसे व्यक्ति को संकेत कर रहा है जिन्होंने अपनी कर्मस्थली में ही भामाशाह के रूप में 11000 की लागत के तीन कैमरे भेट किए हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश सिंह चौहान जो की अभी हाल ही उपप्रधानाचार्य से प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नत उनके द्वारा संस्था प्रधान अब्दुल हनीफ खान की प्रेरणा से स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पटेल को तीन कैमरे 11000/-रुपए लागत के भेंट किए गए इससे पूर्व भी श्री दिनेश सिंह चौहान ने शाला में आयोजित वार्षिक समारोह के लिए 12140/-रुपए खर्च किए गए वास्तव में चौहान के इस कार्य की संस्था प्रधान हनीफ खान ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है।

# विभिन्न स्थानों पर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई हनुमान जयन्ती

## हनुमान जन्मोत्सव पर सजीव झाँकीयां सजाकर निकाली शोभायात्रा





गरीबों का सितारा

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र के रैणी कस्बे मे तथा पिनान व माचाडी कस्बे सहित गढ़ीसवाईराम कस्बे में गुरूवार को पुराना बाग बस स्टैण्ड हनुमान मंदिर पर कस्बे वासियो की ओर से हर्षोल्लास के साथ हनुमान जयंती महोत्सव मनाया गया। इस दौरान महंत मोहनलाल शर्मा के द्वारा हनुमानजी की नयनाभिराम झाँकी सजाई गई। महोत्सव मे परम्परागत रूप से हनुमानजी महाराज की सुबह दस बजे गंगा माता मंदिर से बस स्टैण्ड स्थित हनुमान मंदिर तक कस्बे के मुख्य बाजार से होकर हनुमानजी की शोभायात्रा हनुमान जयन्ती मण्ड़ल व ग्रामवासियों के सहयोग से बैण्ड़ बाजे से निकाली गई तथा राम दरबार व हनुमान जी सहित शिव परिवार की की जीवंत (सजीव) झाँकी सजाई गई। शोभायात्रा के दौरान लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पूजा अर्चना की व प्रसाद चढ़ाया तथा कस्बे वासियो ने कई जगह पर गंगालहरी की ठण्ड़ाई पिला कर श्रृद्धालुओ का स्वागत भी किया। ईक्यावन महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश लेकर बैण्ड-बाजे के साथ शोभायात्रा मे भाग लिया। शोभायात्रा के मंदिर पहुँचने पर हनुमान मंदिर के महन्त मोहनलाल शर्मा ने मंत्रोच्चार के साथ महा आरती की। इसके बाद उपस्थित सैंकड़ो श्रृद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। हनुमान जयन्ती मण्ड़ल अध्यक्ष मानसिंह चौहान ने बताया कि गुरूवार शाम को मंदिर परिसर पर भजन संध्या का कार्यक्रम होगा जिसमें प्रख्यात कलाकारो के द्वारा समस्त रात्रि हनमानजी महाराज का गुणगान होगा।। इस अवसर पर शोभायात्रा मे सरपंच भारती बैरवा, प्रहलाद मीना, मुरारी लाल जैमन, प्रेम सिंह राठौड़, मनोज खण्डेलवाल, छोटेलाल मीणा,गुड्डु प्रधान,अमरनाथ शर्मा, राजेन्द्र सिंह, बनवारी मीना, निर्मल शर्मा, प्रभू दत्त मिश्रा, भोली जैन, मोनू बंसल, नवल राठौड़, जीतू बना, विजयसिंह चौहान, गौरी शंकर मीना सहित काफी संख्या में महिला पुरूष मौजूद रहे ।

## अर्जुन यादव बने सामाजिक न्याय सप्ताह के प्रदेश संयोजक

गरीबों का सितारा



**चौमूं, सुनील कुमार पाराशर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस से भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती (14 अप्रैल) तक भारतीय जनता पार्टी राजस्थान द्वारा साप्ताहिक सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रभारी अरुण सिंह, भाजपा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी एवं भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन यादव को राजस्थान का संयोजक राजू जीतरवाल एवं सुमित जोशी को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम के संयोजक बने अर्जुन यादव ने बताया कि 6 अप्रैल पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है जिसमें सामाजिक न्याय सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत 7 से 12 अप्रैल 2023 तक सभी जिला एवं मंडल स्तर पर सेवा बस्ती की गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित करेगा। जिसके अंतर्गत 7 अप्रैल 2023 को स्वच्छता अभियान भाजपा युवा मोर्चा के प्रत्येक मंडल की सेवा बस्ती में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा ' स्वच्छता अभियान का लक्ष्य यही रहेगा कि इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन में सफाई और स्वच्छता के सकारात्मक प्रभाव बढ़ावा दे। 12 अप्रैल 2023 को चिकित्सा शिविर रहेगा। जिसमें सेवा बस्ती में रहने वाले प्रत्येक मंडल के वंचित वर्ग के लिए चिकित्सा शिविर आयोजित करेगा। भाजयुमो की प्राथमिकता है चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए अस्पतालों का सहयोग लेकर चिकित्सा शिविर आयोजित करेंगे' जहां स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा परामर्श मधुमेह के प्रशिक्षण एवं रक्तचाप हीमोग्लोबिन दृष्टि श्रावण आदि की जांच व्यवस्था रहेगी' भाजयुमो इस बस्ती में रह रहे लोगों के बीच स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करेगा।

## गंगापुर में हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई वाहन रैली



### शोभायात्रा का भी हुआ आयोजन

गरीबों का सितारा

**गंगापुर/ दिनेश लक्षकार।** नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । नगर में मिल के बालाजी, पंचतीर्थ बालाजी मंदिर, बावड़ी के बालाजी, सहाड़ा चौपाटी स्थित बालाजी मंदिर, उखाड़ पछाड़ बालाजी सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए । हनुमानजी, ज्ञान जी चौक में बजरंग मंडल द्वारा सुबह 8: 00 बजे सुंदरकांड का आयोजन किया गया । इसके बाद बजरंग मित्र मंडल ने रामद्वारा में विशाल भंडारे का आयोजन किया । जिसमें स्कूलो के विद्यार्थियों व बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों व पुरुषों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की । इस अवसर पर हरीश श्रोत्रिय, सुनील सोनी ,पवन सोनी, शोभालाल जीनगर, ख्याली लाल माली, सुनील तिवारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। शाम को 4: 15 बजे विश्व हिंदू परिषद ,बजरंग दल के तत्वावधान में शहर के नीलकंठ मंदिर से वाहनों की एक बड़ी रैली निकाली गई । बजरंग दल के विद्या प्रसाद जोशी व विहिप तहसील अध्यक्ष जगदीश झंवर ,सीए सुनील जोशी ने बताया कि वाहन रैली में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया, जहां युवाओं ने भगवा पताकाए हाथों में ले रखी और जय जय श्री राम, जयकारे वीर बजरंगी ,हर हर महादेव का जयघोष लगा रहे थे युवा वर्ग का जोश और उसका देखने लायक था । कुंड चौक स्थित बालाजी मंदिर से रात्रि 9:15 बजे भव्य जुलूस निकाला गया । जिसमें राम लक्ष्मण हनुमान की झांकी आकर्षण का केंद्र रहीं । शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्ग से होकर पुनः मंदिर पहुंची, जहां महा आरती करके प्रसाद वितरित किया गया।

## भाजपा कार्यकताओं ने मनाया भाजपा का 44 वा स्थापना दिवस





### बन्नाराम मीना व शिवलाल मीना और विजय समर्थ लाल ने पार्टी मजबूत करने के लिए रखे विचार

गरीबों का सितारा



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** गुरुवार को कृष्णा मैरिज होम रैणी मे भाजपा कार्यकताओं द्वारा 3:30 बजे मीटिंग की गई जिसमें भारतीय जनता पार्टी का 44 वा स्थापना दिवस मनाया गया। रैणी मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया एसटी मोर्चा मक्खन राम मीणा , पूर्व प्रधान देवकरण मीणा, बन्नाराम मीणा पूर्व चेयरमैन,शिवलाल मीणा, विजय समर्थ लाल मीणा ने अपने विचार रखे जिसमें पार्टी बूथ स्तर पर कैसे मजबूत करें , इसमें दीपक जागा दिनेश बंसल राजेश पंचोली संतोष जागा त्रिलोक सिंह मनीष पंचोली रामअवतार राकेश राजेंद्र मीणा राजेश डेरा पप्पू गोयल त्रिलोक मुंशी खान ईटोली विश्राम सैनी कैलाश साहू शेखर तमोडी राजेश डेरा सतीश उपाध्याय बनवारी शर्मा योगेश शर्मा विष्णु जांगिड़ सुभाष वकील राजेश पंचोली बादल सेन मानसिंह प्रवीण सेन ओमप्रकाश जांगिड़ पंकज सैदावत संतोष दिनेश महेंद्र पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। मिडिया को यह सारी जानकारी मनिष पंचोली रैणी के द्वारा दी गई।

# बीचगावा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव





गरीबों का सितारा

**लक्ष्मणगढ़।** बिचगाँवा में हनुमान जन्मोत्सव पर श्री श्री 1008 तकिया वाले हनुमान जी महाराज मंदिर में भव्य हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समाजसेवी मुकेश शर्मा ने बताया की हनुमान जी महाराज की शोभायात्रा का सुनीता मीना, संजीव कटारा व समस्त ग्रामीणों ने हरी झंडी दिखाकर किया। शोभायात्रा बैंड-बाजो, ढोल नगाडो के साथ तकिया वाले हनुमान जी से प्रारम्भ होकर संपूर्ण गाँव मे परिक्रमा करते हुए वापस मंदिर पर पहुँची। शोभायात्रा के पश्चात हवन पूजन व तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे भाजपा नेता विजय समर्थलाल मीना, पूर्व प्रधान शीला मीना, सरपंच टिंकल मीना, पूर्व बीजेपी नेता डॉ.श्याम सुंदर मीना, बीसीएमएचओ डॉ.रुपेन्द्र शर्मा, रामवतार सैनी, फूलचंद सैनी, एमपीएस राजू खटिक, सरपंच टिंकल मीना, नेतराम खटिक, दीनदयाल सैनी, भूपसिंह सैनी, सीताराम सैनी, कजोडी राम सैनी, मुरारी लाल शर्मा, अजीत जैन, प्रदीप जैन, किशन सैनी व समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

## अलवर जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार मीना को सौंपा नियुक्ति व पहचान पत्र

गरीबों का सितारा



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के अलवर जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार मीना को संगठन राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव/अलवर जिला संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना व संगठन की अलवर महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सरोज मीना(सरपंच) के द्वारा उनके ग्राम पाटन का बास मे स्थानीय गणमान्य नागरिको व पंच पटेलो के सामने उनको संगठन का पहचान पत्र और नियुक्ति पत्र दिया गया। इस दौरान राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना के द्वारा सभी ग्रामीण लोगो को संगठन के द्वारा किए जा रहे जनहित कार्यो के बारे मे बताया तथा स्थानीय सरपंच एवं महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सरोज मीना के द्वारा सभी उपस्थित ग्रामीणो से दहेज प्रथा व मृत्यु भोज बन्द करने पर भी चर्चा की गई और मृत्यु भोज की बजाय नुक्ता के पैसो का सदुपयोग कर विधालय विकास मे लगा देना चाहिए जिससे गांव मे शिक्षा के मंदिर का विकास हो सके। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियो द्वारा डीजे बन्द कराने की अपील भी की गई क्योंकि यह भी एक अनावश्यक ही पैसे का दुरुपयोग है। समाज को सकारात्मक दिशा मे ले जाने पर जोर दिया गया। संगठन का हमेशा यही उद्देश्य रहता है कि समाज मे व्याप्त बुराई समाप्त होनी चाहिए और एक स्वच्छ सकारात्मक सोच के साथ समाज का निर्माण होना चाहिए। बालिका शिक्षा पर भी जोर दिया गया।

## धूमधाम के साथ मनाया हनुमान जन्मोत्सव

गरीबों का सितारा

**मंडावर (राहुल जोशी)।** उपखंड मुख्यालय सहित क्षेत्र में गुरुवार को बड़ी धूमधाम के साथ हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। नीरज झालानी व दीपक दुसाद ने बताया की गुरुवार को कस्बे के बगीची वाले हनुमान मंदिर पर हनुमानजी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा बगीची वाले हनुमान मंदिर से शुरू हुई और गांधी चौक होते हुए पुराने बस स्टेंड पहुंची। इस दौरान शोभायात्रा का कस्बे में जगह जगह स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में सैकड़ो महिला पुरुष व बच्चे नाचते गाते हुए निकले। इसके बाद खंडेलवाल धर्मशाला में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जहा सैकड़ो लोगो ने पंगत प्रसादी जीमी। इधर हनुमान भक्त अशोक पंवार ने बताया की गुरुवार को ठोड़ी वाले हनुमान मंदिर पर रामायण का समापन हुआ। जिसके बाद हवन पूजन का कार्यकम हुआ। और हनुमानजी को भोग लगाकर प्रसादी वितरित की गई। इस दौरान मंदिर कमेटी के सदस्य सहित हनुमान मंदिर के बाबा मौजूद रहे। वही निर्गुण मंदिर सहित क्षेत्र के अनेकों मंदिरों पर भी हनुमान जी को भोग लगाकर प्रसादी वितरित की गई।





गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### मिली उपलब्धि : पीएचडी प्रवेश परीक्षा में डॉ. भूपेंद्र शर्मा चांदवास ने पाया तृतीय स्थान

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर, राजस्थान द्वारा रविवार को राष्ट्रीय स्तर पर पीएचडी प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। जिसमे गांव चांदवास निवासी आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गौरतलब है कि वर्तमान समय में डॉ भूपेंद्र शर्मा मुरारी लाल रासीवासिया आयुर्वेदिक कॉलेज के रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं` डॉ भूपेंद्र शर्मा चांदवास ने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विवि जयपुर के रस शास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग से स्नातकोत्तर ( पीजी ) कोर्स किया है` डॉ भूपेंद्र शर्मा ने बताया उन्होंने रस शास्त्र विषय से पीएचडी प्रवेश परीक्षा दी थी जिसमें रस शास्त्र विभाग अनुसार द्वितीय व विश्वविद्यालय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया`डॉ भूपेंद्र शर्मा को पीएचडी प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर सहयोगी स्टाफ सदस्य व गांव के लोगों ने शुभकामनाएं दी।



### जलदाय कर्मियों ने सौंपा अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त को ज्ञापन

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** जलदाय विभाग में कार्यरत कार्यप्रभारित कर्मचारियों को विभागीय सेवा नियमों की परिधि में लाते हुए पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराने के संबंध में जारी आदेशों में मीटर रीडर का विकल्प दिए गए कर्मचारियों को शामिल नहीं करने के विरोध में आज राजस्थान वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह यादव के नेतृत्व में अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त विभाग अखिल अरोड़ा से मुलाकात कर मीटर रीडर का विकल्प दिए कर्मचारियों को पदोन्नति के अवसर में शामिल करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल शर्मा ने बताया कि बजट घोषणा के परिप्रेक्ष्य में राजस्थान सरकार वित्त नियम के तहत 13 मार्च 2023 को जारी आदेशों में विभाग में कार्यरत कार्य प्रभारित कार्मिकों के संबंध में आदेश जारी करते हुए नवीन पदनाम व उनके वेतनमान के संबंध में आदेश प्रसारित किए गए उक्त आदेशों में कार्य प्रभारित कर्मचारियों में जिन कर्मचारियों ने मीटर रीडर का विकल्प भरा हुआ है और वर्तमान में चयनित वेतनमान नियम के तहत विकल्प के अनुसार मीटर रीडर और मीटर निरीक्षक का वेतनमान प्राप्त कर रहे हैं उनको शामिल नहीं किया गया जबकि 1985 में कार्यप्रभारित कर्मचारियों का सविलीकरण करते हुए नियमित कैडर में शामिल किया गया था उस समय उक्त कर्मचारियों पर अधीनस्थ सेवा नियम लागू किए गए थे , उसमें कर्मचारियों को राजस्थान अभियांत्रिकी अधीनस्थ सेवा जन स्वास्थ्य नियम 1967 के अनुसार पदनाम दिये गए थे उन पदनाम में मीटर रीडर सहित अन्य पदनाम शामिल थे, परंतु वर्तमान आदेशों में जिन्होंने मीटर रीडर का विकल्प भरा हुआ था उक्त आदेशों में मीटर रीडर का कोई उल्लेख नहीं किया गया इससे कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप यादव ने अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त महोदय को अवगत कराया कि जो मीटर रीडर का विकल्प भरे हुए कर्मचारियों को शामिल नहीं किया गया तो उनकी पदोन्नति नहीं होगी और वह सहायक के पद से ही सेवानिवृत्त हो जाएंगे हम आपसे मांग करते हैं कि मीटर रीडर का विकल्प भरे हुए कार्यप्रभारित कर्मचारियों की पदोन्नति को उक्त आदेशों में शामिल किया जाए अगर ऐसा संभव नहीं है तो उन्हें एक बार फिर विकल्प प्रस्तुत करने की दिनांक से ही विकल्प पत्र परिवर्तन करने की अनुमति जारी की जावे जिससे कर्मचारी उक्त दिनांक से ही विकल्प परिवर्तन कर पद के वेतनमान का लाभ मिल सके। इस पर अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त विभाग ने शिष्टमंडल को आश्वस्त किया कि किसी भी कर्मचारी के साथ अन्याय नहीं होगा और इसका पुनः निरीक्षण करवाकर शीघ्र ही वंचित रहे कार्मिकों को भी लाभ दिलाने का भरोसा दिलाया।

#### यह रहे मौजूद

इस मौके पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह यादव, प्रवक्ता बाबूलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष मोहनलाल शर्मा, उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह शेखावत, जयपुर शहर अध्यक्ष सहीदउद्दीन, प्रभु सिंह रावत, मान प्रकाश सैनी, बनवारी लाल सैनी सहित दर्जनों नेता उपस्थित थे।

### कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने सर्किट हाउस में की प्रेस कॉन्फ्रेंस



गरीबों का सितारा

**रूपेश शर्मा अलवर।** अलवर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता एवं कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि देश में भारतीय जनता पार्टी संविधान में लोकतंत्र को कमजोर करने की घिनौनी साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि सच बोलने वालों के खिलाफ मुकदमें व सरकारी एजेंसियों का दुरूपयोग व डरा कर एनडीए सरकार दोहरे मापदंड अपना रही है। मंत्री जूली गुरूवार को सर्किट हाउस में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किए जाने के मामले में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तानाशाह रवैया अपनाने वाली यह सरकार राहुल गांधी को टारगेट कर अपने पूंजीपति मित्रों को बचाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राहुल ने अडाणी के खिलाफ करोडों रुपए के जो मुद्दे उठाए इससे खफा होकर केन्द्र की मोदी सरकार ने उनकी लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी। इतना ही नहीं देश के इतिहास में पहली बार स्वयं सत्ता पक्ष ने लोकसभा चलने नहीं दी तथा लोकसभा की कार्यवाही से राहुल गांधी के पूरे वक्तव्य को हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि करीब 23 हजार करोड रुपये का अडाणी समूह ने हिसाब मांगने पर ना केवल उनकी लोकसभा सदस्यता खत्म की गई बल्कि मोदी सरकार घोटालेबाजों का पदार्फाश करने के लिए राहुल को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस परिवार ने भारत के लोकतंत्र को अपने खून से सींचा आज स्वयंभू बनी बैठी केन्द्र की मोदी सरकार उन्हें खत्म करने के लिए सारी हदों को पार कर रही है। उन्होंने कहा कि देश केन्द्र की इस तानाशाही को नहीं सहेगा तथा लोकतंत्र की हिफाजद के लिए हम जेल भी जाने को तैयार है। प्रेस वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, विधायक दीपचंद खैरिया, अलवर प्रभारी जसवंत गुर्जर, हाथ से हाथ जोडो प्रभारी महावीर सोगानी, बलराम यादव सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# हनुमान जन्मोत्सव पर शहर में निकाली गई शोभायात्रा

## उड़ते हनुमान की झांकी रही आकर्षण का मुख्य केंद्र

गरीबों का सितारा

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** हनुमान जन्मोत्सव पर गुरुवार को शहर के धोली मंडी स्थित हनुमान मंदिर से श्री हनुमान जी महाराज की भव्य शोभायात्रा रथ,शाही लवाजमे व बेंड बाजों के साथ निकाली गई । शोभा यात्रा शहर के मुख्य मार्गो धोली मंडी,सुभाष सर्किल, नया बाजार, चौपड़, सदर बाजार, लक्ष्मीनाथ जी का चौक, बावड़ी गेट,बस स्टैंड थाना चौराहा से वापस धोली मंडी हनुमान मंदिर पहुंच कर संपन्न हुई ' शोभायात्रा के दौरान विशेष सजीव झाकियों सजाई गई ' जिसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र उड़ते हुए वीर हनुमानजी की झाँकी रही ' शोभायात्रा में राम दरबार, भगवान गणेश, सहित अनेक झांकियां सजाई गई । शोभायात्रा का मार्ग में जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। व मार्ग में जगह जगह समाज सेवको द्वारा शोभा यात्रा में शामिल लोगों के लिए फलाहार व जूस व ठन्डे की व्यवस्था की गई ल शोभा यात्रा में हजारों स्त्रीपुरुष शामिल हुए ' इस मौके पर एसीपी राजेंद्र सिंह निर्माण व एसएचओ विक्रांत शर्मा की मौजुदगी में पुलिस का जाब्ता भी मौजूद रहा।





# भामाशाह कावड़िया ने घोषणा को दिया मूर्त रूप



गरीबों का सितारा

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम पंचायत सथाना में साईं माला देवनारायण भगवान का दिव्य स्थान ऊंची पहाड़ी पर स्थित है 'वही आज के डेढ़ साल पूर्व देवनारायण भगवान के मेले के कार्यक्रम में गुलाबपुरा पूर्व चेयरमैन धनराज गुर्जर के आग्रह पर भामाशाह सुनील कावड़िया ने देमाली जैसे देवस्थान की घोषणा की थी जो आज के 2 दिन पूर्व महावीर जयंती के दिन जयपुर के कारीगरों द्वारा मूर्तियां ला करके पूरी की गई है' भामाशाह सुनील कावड़िया ने देव दरबार के दिव्य दृश्य इतिहास यहां दशार्या है जिसमें साडू माता, शेषनाग में देवनारायण भगवान का झरना, सवाई भोज शेरनी का दूध पीते हुए, देवनारायण भगवान हिरण सांप नेवले का दृश्य आदि दृश्य यहां देमाली देव स्थान की जैसे दर्शाए गए हैं 'यह सारा कार्य मसूदा विधानसभा की भामाशाह सुनील कावड़िया ने अपनी निजी आय से करवाए हैं।



भाजपा प्रदेश कार्यालय पर मनाया भाजपा का 44वां स्थापना दिवस

# प्रदेश भाजपा के सभी 1126 मंडलों पर स्थापना दिवस के कार्यक्रम हुए आयोजित

### केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को कार्यकताओं ने जन-जन तक पहुंचाने का किया है कार्य : सीपी जोशी

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** भाजपा स्थापना दिवस पर प्रदेश कार्यालय पर प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, महामंत्री भजन लाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह, प्रदेश मंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा, विधायक कालीचरण सर्राफ, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहें। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने भाजपा का ध्वज फहरा दीपप्रज्जवल व वंदेमातरम गान करने के पश्चात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के उद्धबोधन को सुना। प्रदेश के 1126 मंडलों पर स्थापना दिवस के कार्यक्रम आयोजित हुए। साथ ही सफाई कर्मचारीयों का दुपट्टा थोड़ा सम्मान कर, बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख और वार्ड संयोजकों को परिचय पत्र वितरित किए गए। सीपी जोशी ने कहा आज वंदन करने का दिन है, जिन्होने भारतीय जनता पार्टी को खड़ा करने का काम किया, भाजपा को खड़ा करने में अपना पूरा जीवन लगा दिया उन सभी का अभिनन्दन करने का दिन है साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को भाजपा के कार्यकर्ताओ का दायित्व बनता है कि इन सभी योजनाओं को गरीब, शोषित, वंचित लोगो तक पहुंचाये। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यकर्ताओ को संदेश देते हुए कहा कि भाजपा का झण्डा सभी कार्यकताओं को अपने घर पर लगा झण्डे के साथ फोटो लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करें ऐसा करने से निश्चित रूप से कार्यकताओं में जोश और सर्मपण की भावना पैदा होगी। हम सौभाग्यशाली है हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज गांव, गरीब, किसान, पीड़ित वर्ग के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जो कई वर्षो से इन जन कल्याणकारी योजनाओ से वंचित थे जो दीनदयाल उपाध्याय और बाबा साहब के सपनो को साकर किया है। भाजपा अन्य दलो से विभिन्न इसलिए है क्योकि भाजपा के कार्यकर्ता में राष्ट्र भावना कूट-कूट कर भरी हैं हम गौरवाविन्त है कि हम भाजपा के कार्यकर्ता है एक ऐसी पार्टी जिसने भारत को परम वैभव पर पहुचाने का काम किया एक ऐसी पार्टी जो गांव गरीबों और किसानो के लिए कार्य करती हैं। राजस्थान का दुर्भाग्य है कि पिछले चार वर्षो में कांग्रेस सरकार जो काम कर रही है वह अराजकता, भ्रष्टाचार, किसान, और युवा बेरोजगारी को बढावा दे रही है।





# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रदेश में वॉल राइटिंग अभियान का किया शुभारंभ

## प्रदेश में 6 अप्रैल से 15 मई तक वॉल राइटिंग अभियान चलेगा : सीपी जोशी



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** भाजपा ने देशभर में वॉल राइटिंग का कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं जयपुर शहर के 22 गोदाम पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने की। प्रदेश में वॉल राइटिंग अभियान 6 अप्रैल से 15 मई तक चलेगा। अलवर दक्षिण, दौसा, जयपुर दक्षिण, नागौर देहात व शहर के जिलाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष ने वॉल राइटिंग अभियान की शुरूआत की तथा दौसा व नागौर लोकसभा प्रवासी के तहत वॉल राइटिंग अभियान जिलों व मंडलों के अध्यक्षों ने शुरूआत की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने वाल्मीकि बस्ती में समाज के बन्धुवों से मुलाकात की। इसके बाद हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में स्वेज फार्म स्थित सिद्धेश्वर हनुमान मन्दिर में अवधेशाचार्य महाराज से आशीर्वाद लिया। सीपी जोशी का पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी विमल कटियार ने साफा पहनाकर व भाजपा पार्षद कविता कटियार ने शॉल ओढाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कोठारी, जयपुर शहर के सह-प्रभारी नरेश बंसल, विधायक कालीचरण सर्राफ, प्रदेश मीडिया कार्यालय प्रभारी चम्पालाल रामावत, एससी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष पूनमचंद्र थनवाल उपस्थित रहे।





# ऐसहैक हैकाथॉन का यूईएम जयपुर में सफलतापूर्वक हुआ आयोजन







गरीबों का सितारा

**जयपुर (सुनील कुमार पाराशर)।** यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम) जयपुर ने राजस्थान पुलिस, राजस्थान सरकार के सहयोग से यूईएम जयपुर एसीएम स्टूडेंट चैप्टर की पहल ऐसहैक 2.0, का आयोजन किया । यह आयोजन चौमूं से 6 किलोमीटर दूर "गुरुकुल" सीकर रोड ( एन एच - 11 ), उदयपुरिया मोड़, जयपुर यूईएम परिसर में आयोजित किया गया। यह 24 घंटे का हैकथॉन था जहां प्रतिभागियों ने समस्याओं को हल करने के लिए परियोजनाओं का निर्माण किया और अन्य प्रतिभागियों के साथ प्रतिस्पर्धा की और समाज के लिए नए मॉडल का आविष्कार किया। इस मेगा-इवेंट में भाग लेने के लिए पूरे भारत से 800 से अधिक प्रतिभागी आए थे। ऐसहैक 2.0 वास्तव में मस्ती और सीखने का एक मिश्रण था जहां शानदार विचार प्रदर्शित किए गए थे, और छात्रों ने सीखा और प्रेरित महसूस किया। श्री महेंद्र लाल कुमावत, पूर्व डीजीपी, बीएसएफ और पूर्व विशेष गृह सचिव प्रो. (डॉ.) विश्वजॉय चटर्जी, कुलपति, यूईएम जयपुर, प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार, यूईएम जयपुर, प्रो. (डॉ.)) अनिरुद्ध मुखर्जी, डीन, यूईएम जयपुर और श्री बलराम, आरपीएस, डीएसपी, सर्किल गोविदगढ़ ने एसहैक हैकथॉन का उद्घाटन किया। देश के सभी हिस्सों से 500 से अधिक हैकर राजस्थान सरकार के उद्योगों और पुलिस विभाग की सबसे प्रासंगिक समस्या बयानों को हल करने के लिए आए। श्री महेंद्र लाल कुमावत, पूर्व डीजीपी, बीएसएफ ने सभी छात्रों को दुनिया के विभिन्न हिस्सों से विभिन्न ऑनलाइन खतरों से सुरक्षित रखने के लिए साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास कार्य करने के लिए कहा। वे देश के विभिन्न हिस्सों से आए छात्रों को देखकर खुश हुए और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। श्री बलराम, आरपीएस, डीएसपी, सर्किल गोविंदगढ़ ने छात्रों को साइबर अपराध और ऑनलाइन धोखाधड़ी के खतरे को खत्म करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा की गई विभिन्न पहलों के बारे में बताया। उन्होंने समाज को अधिक सुरक्षित और काम करने योग्य बनाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान के बारे में जानकारी दी। (डॉ.) बिस्वजॉय चटर्जी, कुलपति, यूईएम जयपुर ने साइबर सुरक्षा का ध्यान रखने के लिए यूईएम जयपुर द्वारा की गई विभिन्न योजनाओं और पहलों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कुछ विश्व प्रसिद्ध प्रशिक्षण साझेदारों जैसे अें९ङ्गल्ल अहर और ढं'स्त्र अ'३ङ्ग ठी३६ङ्ग१'२ आदि से ब्लॉकचेन, साइबर सुरक्षा में विभिन्न प्रशिक्षणों और पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बहुत ही सफल तरीके से इस बहुत ही प्रासंगिक हैकाथॉन के आयोजन के लिए छात्रों की टीम और संकाय समन्वयकों को बधाई दी। श्री हरिराम मीणा और श्रीमती सज्जन कंवर, सीआई, साइबर थाना जयपुर राजस्थान ने सभी छात्रों के साथ बहुत जानकारीपूर्ण सत्र लिया और राजस्थान सरकार के पुलिस विभाग के साइबर सेल में ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर हमलों के हाल के मामलों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने संबंधित व्यक्तियों के संपर्क विवरण के साथ किसी भी साइबर हमले या किसी भी ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में किसी भी व्यक्ति द्वारा उठाए जाने वाले कदमों के बारे में भी बताया। प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार, यूईएम जयपुर और प्रो. (डॉ.) अनिरुद्ध मुखर्जी, डीन, यूईएम जयपुर ने भी छात्रों को प्रेरित किया और उन्हें 24 घंटे प्रतियोगिता के प्रति उत्साही रहने के लिए कहा। (डॉ.) मृणाल कांति सरकार, कंप्यूटर विज्ञान विभाग के प्रमुख और प्रोफेसर दीप्त मुखर्जी, सहायक प्रोफेसर, सीएसई भी पूरे हैकथॉन प्रतियोगिता के दौरान श्री श्याम लाल जाट और श्री भीम लामा, नेटवर्क पर्यवेक्षकों के साथ उपस्थित थे। 24 घंटे से अधिक की पूरी प्रतियोगिता के दौरान भारत के विभिन्न हिस्सों से भाग लेने वाले सभी छात्र बहुत खुश और उत्साहित थे। यह दो दिवसीय कार्यक्रम था। उन्होंने यूईएम जयपुर को इस दौरान सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करने के लिए बधाई दी। विद्यार्थियों को तीन लाख से अधिक के पुरस्कार दिए गए। प्रथम पुरस्कार कुणाल चौहान एवं मुस्कान यादव , द्वितीय पुरस्कार प्रीतम जामी एवं टीम और तृतीय पुरस्कार ध्रुवें व्यास एवं टीम ने जीता। गर्ल्स टीम के लिए भी एक विशेष पुरस्कार था और यह मानसी, ग्रेसी सिंह एंड नेहा रावत द्वारा जीता गया। पूरे आयोजन के दौरान एसीएम स्टूडेंट चैप्टर के सभी सदस्य, यूईएम जयपुर के शिक्षक और कर्मचारी सदस्य उपस्थित थे। प्रो दीप्ता मुखर्जी और प्रो (डॉ) मृणाल कांति सरकार की देखरेख में यूईएम जयौर के बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र श्री साहित्य रॉय के साथ-साथ उनकी टीम के अन्य सदस्यों के समन्वय के तहत पूरे कार्यक्रम को डिजाइन और आयोजित किया गया था।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।



जंतु जगत / शिखर चंद जैन


बच्चों, दुनिया में कई ऐसे जंतु हैं, जिनका नाम और शारीरिक बनावट बहुत अनोखी या कहो अजीबो-गरीब है। इसमें से कुछ जंतु ऐसे भी हैं, जो दूसरे जंतुओं से मिलते-जुलते दिखते हैं। इसीलिए अकसर इनको देखकर लोग भ्रमित हो जाते हैं। यहां हम ऐसे ही कुछ अनोखे लुक वाले जंतुओं के बारे में बता रहे हैं।

# ये अजीबो-गरीब लुक वाले जंतु

## नीली तोता मछली

**नीली तोता** मछली के शरीर के रंगों का पैटर्न तोते पक्षी जैसा होता है। इसलिए इसके नाम में तोता जुड़ा है। इस मछली का नीला रंग इसे समुद्री पानी में शिकारियों से छिपाने में मददगार होता है। यह मछली आमतौर पर पश्चिमी अटलांटिक महासागर और कैरेबियन सागर में पाई जाती है। नीली तोता मछली कई बार करीब 500 की संख्या तक वाले झुंड में एक साथ तैरती हैं ताकि शिकारियों से बच सकें। *

## गोब्लिन शार्क



**लोककथाओं में** गोब्लिन एक बदसूरत प्राणी होता है। समुद्र में भी शार्क की एक दुर्लभ प्रजाति 'गोब्लिन शार्क' पाई जाती है। ये प्रजाति गहरे समुद्र में रहती है। इसे जीवित जीवाश्म के नाम से जाना जाता है। इसके जबड़े बाहर की तरफ निकले होते हैं, दांत पैने होते हैं। यह देखने में बहुत बदसूरत लगती है। गोब्लिन शार्क आलसी प्रवृत्ति की होती है। एक वयस्क गोब्लिन 10 से 13 फीट तक लंबी होती है। यह कई बार तो पानी में 4,270 फीट तक नीचे चली जाती है। *

## ब्लू ड्रैगन



**बच्चों, ग्लोकस** अटलांटिकस नामक समुद्री जीव, ड्रैगन जैसा दिखता है। इसलिए इस समुद्री जीव को ब्लू ड्रैगन नाम दिया गया है। यह एक बहुत छोटा जंतु है, जो हमारी हथेली से भी छोटा होता है। ब्लू ड्रैगन अपने पेट में हवा भर कर किसी टायर ट्यूब की तरह पानी की सतह पर तैरता रहता है। यह चाहे तो पीठ के बल उल्टा भी तैर सकता है। यह मुख्य रूप से प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागर में पाया जाता है। *

## पांडा एंट

**बच्चों, तुमने** पांडा को टीवी में या कार्टून फिल्म में देखा होगा। लेकिन तुमने पांडा जैसी दिखने वाली पंखहीन चींटी नहीं देखी होगी। इसका वैज्ञानिक नाम यूस्पीनोलिया मिलीटेरिस है। इसे पांडा एंट के नाम से भी जाना जाता है। दरअसल, पांडा एंट के शरीर पर पांडा की तरह काले-सफेद बाल होते हैं। जिसके कारण इसका लुक ठीक पांडा जैसा ही लगता है। यह एंट चिली में पाई जाती है। ये बहुत तेज डंक मारती है। *



## पैक्यू फिश



**इस मछली** को देखकर कोई भी दंग रह जाता है। इसके दांत और जबड़े मनुष्यों की तरह दिखते हैं। यह एक खतरनाक शिकारी मछली है। पैक्यू फिश 7 से 42 इंच तक लंबी होती है। इसका वजन 2 से 97 पौंड तक हो सकता है। इसके नाम पाक्यू का अर्थ है शीघ्र खाने वाली। इन मछलियों को नट्स, सीड और फल खाना बेहद पसंद होता है। दक्षिणी अमेरिका के रेस्तरां में इस मछली से तरह-तरह की डिशेज बनाई जाती हैं। *

# वॉकिंग वाटर
# देखो पानी की चाल

साइंस एक्टिविटी



**ब**च्चों, स्कूलों में तो साइंस पढ़ते ही हो। यदि तुम चाहो तो अपने पैरेंट्स या बड़े भाई-बहन की मदद से घर में साइंस से जुड़ा एक इंट्रेस्टिंग एक्सपेरिमेंट कर सकते हो। यह एक्सपेरिमेंट मजेदार तो है ही, इनके जरिए तुम साइंस के फैक्ट्स को प्रैक्टिकल करके खुद सीख-समझ सकते हो। इस एक्सपेरिमेंट का नाम है वॉकिंग वाटर।

बच्चों, क्या तुम पानी की चाल को देख सकते हो? तुम कहोगे ऐसा नहीं हो सकता। लेकिन तुम एक एक्सपेरिमेंट से पानी की चाल को देख सकते हो। इसके लिए तुम्हें कुछ चीजें चाहिए होंगी, जो तुम्हें घर पर ही मिल जाएंगी। जैसे- छह कांच के गिलास, छह पेपर टॉवल और लाल, पीला और नीला कलर। अब एक के बाद एक गिलास को छोड़कर तीन गिलासों में कलर्स डालो। कलर वाले गिलास में पानी डालकर उसे अच्छे से मिला लो। बाकी तीन गिलास में पानी नहीं डालना है। अब जल्दी से हर पेपर टॉवल को मोड़कर एक कोना खाली गिलास में और दूसरा कोना रंग घुले पानी वाले गिलास में डाल दो।

बच्चों, तुम देखोगे कि कलर वाला पानी खाली गिलास में जमा होने लगेगा। एक समय बाद खाली गिलास में दो कलर्स का पानी मिलकर नया रंग बना देगा। इस तरह तुम पानी की चाल देख सकते हो। यह एक्सपेरिमेंट तुम अपने दोस्तों को भी दिखाकर उन्हें हैरानी में डाल सकते हो। *

प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे

## बूझो तो जानें



1
अनगिनत हैं,
कोई गिन न पाए।
काटो अगर तो,
खून न आए।

2
बीसों का सिर काट दिया,
ना दर्द हुआ ना खून आया।
पहेली में ही उत्तर छिपा है,
जल्दी ढूंढ़ो क्या है पाया?

3
16 ऊपर 16 नीचे,
सबके पास ये होते।
अगर ये टूट जाएं,
तो सख्त चीज न खा पाएं।

4
सबके पास ये होता एक,
24 घंटे करता काम।
खून को भेजे रग-रग में,
नहीं करे कभी आराम।

5
दो ही होते हैं शरीर में,
हवा खींचना इनका काम।
कभी सिकुड़ते कभी फैलते,
बताओ जरा इनका नाम?



- प्रवीन कुमार

उत्तर: 1-बाल, 2-नाखून, 3-दांत, 4-हृदय, 5-फेफड़े

## जीके क्विज-48



1. हाल में भारतीय नौसेना का नया उप-प्रमुख किसे बनाया गया है?
2. हाल में किस देश के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक दो दिन की भारत यात्रा पर आए थे?
3. विश्व स्वास्थ्य दिवस कब मनाया जाता है?
4. कागज का आविष्कार किस देश में हुआ?
5. भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव कौन-सा है?
6. पृथ्वी का जुड़वा ग्रह किसे कहा जाता है?
7. जल की रानी किसे कहते हैं?
8. क्रिकेट के खेल में एक टीम में खिलाड़ियों की संख्या कितनी होती है?
9. भारत की सबसे चौड़ी नदी का क्या नाम है?
10. अपने देश में शीत मरुस्थल कहां स्थित है?

बच्चों, जीके क्विज-48 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-47 का उत्तर :** 1-डॉ.भीमराव अंबेडकर, 2-निखत जरीन, 3-कमल, 4-29 दिन, 5-सात, 6-कार्बन डाइऑक्साइड, 7-घग्घर नदी, 8-गुजरात, 9-राष्ट्रपति, 10-शनि

**जीके क्विज-47 का सही उत्तर देने वाले :** दीपांशु-कैथल, दीपिका-कैथल, सरबजीत-करनाल, डुमेंद्र-राजनांदगांव, प्रतीक-कुरुक्षेत्र, पूजा-महेंद्रगढ़, प्रियंका-जबलपुर, तुषार-बिलासपुर, हिमांशु-रायपुर, दिनेश-दिल्ली, लोकेश-जांजगीर

## हंसगुल्ले



**अमन-** रमन, जरा इस मिठाई को छिपाकर रखना। मैं अभी थोड़ी देर में आता हूं। अमन कुछ देर बाद लौटा तो रमन से पूछा- हां, तो मिठाई तुमने कहां छिपा कर रखी है?
**रमन(हंसते हुए)-** अपने पेट में। यह सबसे सुरक्षित जगह है। **-दीपिका, भोपाल**


**गप्पा-** डॉक्टर अंकल, पेट में दर्द हो रहा है।
**डॉक्टर अंकल-** मैंने तुम्हें बाहर का खाने को मना किया था। तुमने बाहर का तो कुछ नहीं खाया?
**गप्पा-** नहीं, मैंने तो गली वाली दुकान से ऑर्डर करके घर पर समोसे मंगवाकर खाए थे, फिर भी पेट में दर्द हो रहा है। **-पिंटू, रायपुर**

**बस में** बहुत भीड़ थी। एक अंकल को बस में चढ़ता देखकर गोलू (कंडक्टर अंकल से)- क्या अंकल, अब बस में जगह बची नहीं है, आप इनको जबरदस्ती चढ़ा रहे हैं?
कंडक्टर अंकल(मुस्कुराते हुए)- बेटा, यह यात्री नहीं, बस के ड्राइवर हैं। **-निकिता, रोहतक**

कहानी
संतोष उत्सुक

शेखू जहां शब्दों के सही उच्चारण और अर्थ पर ध्यान देता था, वहीं उसका दोस्त सोनू इस बात के प्रति उदासीन रहता था। अपनी इसी आदत के कारण एक दिन सोनू बहुत बुरी स्थिति में फंस गया। शेखू ने उसे बचाया। शब्दों के सही उच्चारण और अर्थ का क्या महत्व है, इसे हम सभी को जानना-समझना चाहिए।

# शब्दों का ज्ञान



**शे**खू और सोनू मित्र थे। एक ही स्कूल, एक ही कक्षा में पढ़ते थे। स्कूल से आने के बाद घर के पास पार्क में इकट्ठे खेलते थे। उनके परिवारों के बीच भी अच्छी मित्रता थी। एक तरफ जहां शेखू बातचीत करते हुए, शब्दों के सही उच्चारण और अर्थ के बारे में काफी ध्यान रखता था, वहीं सोनू इस तरफ ध्यान नहीं देता था। शेखू की लिखाई ऐसी थी मानो टाइप कर दिया हो। शेखू के पापा उसे शब्द ज्ञान सीखने में पूरी मदद करते थे। उसकी मम्मी भी गलतियां बताकर सुधार कराती रहती थीं। साथ ही हिज्जों को अलग-अलग कर, शब्दों को सही बोलने का अभ्यास भी कराती थीं। उन्हें पता था, कुछ बच्चों को 'श' को 'स' बोलने की आदत पड़ जाए तो कभी नहीं छूटती है। कभी शेखू को सोनू की अभ्यास पुस्तिका लेनी पड़ जाती थी तो उसके लिखे शब्दों और वाक्यों को समझने में देर लगती थी।

सोनू जब कहता, 'मैं एक मिंट, मिनट में आया।' शेखू उसे तुरंत टोकता, 'दोस्त, ठीक बोला करो। तुमने जो मिंट बोला है, उसका एक अर्थ पुदीना होता है। दूसरा अर्थ है टकसाल, जहां सिक्के बनते हैं। तुम्हारा मतलब है, मैं एक पुदीना में आया, यह गलत वाक्य है।' सोनू बात को हंसी में टाल देता और फिर मिनट को मिंट बोलता। वह और भी कई शब्दों को गलत ढंग से बोलता जिसका अर्थ कुछ का कुछ निकलता। लिखते हुए भी कहीं बिंदु लगाना रह जाता, तो कहीं यूं ही लगा देता। स्कूल में अध्यापक भी समझाते, लेकिन उसकी गलतियां होती रहतीं।

एक दिन बहुत मजेदार घटना घटी। सोनू, शेखू के एक सहपाठी शैशव के चाचाजी का विवाह था। शैशव ने सभी दोस्तों को दावत पर बुलाया था। सोनू बहुत खुश हुआ, उसे पता था विवाह में जी भर कर पनीर खाने को मिलेगा। उस दिन जब दोनों दावत में जा रहे थे तो शेखू ने मजाक में कहा, 'सोनू इतना पनीर मत खाना कि स्वास्थ्य खराब हो जाए।'

सोनू ने जवाब दिया, 'तुम चिंता न करो, मुझे अपना ख्याल है।'

शादी में पूरा ठाठ-बाठ था। स्वादिष्ट खाने की खुशबू फैली हुई थी। एक तरफ बैठने का बढ़िया इंतजाम था, तो दूसरी तरफ पारंपरिक ढंग से, जमीन पर पंगत बिछाकर, मेहमानों को बैठाकर खाना परोसा जा रहा था। खाने के लिए शेखू और सोनू भी बैठे। खाना खिलाने वाले एक अंकल बहुत मन से सबको शाही पनीर परोस रहे थे ताकि सभी को इच्छानुसार पनीर खाने को मिले, जरा भी बेकार न जाए। वे आए और सोनू के सामने रखे कटोरे में पनीर डाला। सोनू स्वाद लेकर खाने लगा। कुछ देर बाद वह अंकल दोबारा आए और उन्होंने पूछा, 'बेटा, क्या आपको और पनीर दूं?'

उत्तर में सोनू ने थैंक यू कहा तो अंकल ने उसे पनीर और दे दिया। सोनू ने देखा, अभी दूसरी सब्जियां तो उसने खाई ही नहीं। वह जल्दी-जल्दी बाकी व्यंजन खाने लगा, उसका पेट भर गया था। वास्तव में सोनू भूख से ज्यादा खाए जा रहा था।

अंकल तीसरी बार आए और पूछा, 'बेटा, पनीर और दूं आपको?'

सोनू ने फिर बोला, 'थैंक यू।'

अंकल ने प्लेट में बचे रखे पनीर और सोनू के चेहरे से भांप लिया कि उसका पेट भर चुका है, अब खाया नहीं जा रहा। दूसरे व्यंजन भी बचे हुए हैं। अंकल ने जोर देकर पूछा, 'थैंक यू या नो थैंक यू?'

सोनू ज्यादा खाने के कारण असहज महसूस कर रहा था, इस बीच शेखू बीच में बोला, 'नो थैंक यू बोलो अंकल से।'

सोनू तुरंत अंकल से बोला, 'नो थैंक यू अंकल।'

यह सुनकर अंकल मुस्कुराकर चले गए। घर वापस आते समय सोनू ने शेखू से पूछा, 'दोस्त, आज तुमने बचा लिया। तीसरी बार पनीर ले लेता तो खाना मुश्किल हो जाता।' 'सोनू तुमको आज समझ में आया 'थैंक यू' और 'नो थैंक यू' में कितना फर्क है?' शेखू ने कहा। 'हां दोस्त, आज पता चला। हम सभी अकसर थैंक यू ही तो बोलते हैं। ऐसे और भी शब्द हैं, जिसका उचित प्रयोग न करने के कारण उनका अर्थ बदल जाता है। शेखू तुम मेरे सबसे अच्छे दोस्त हो। तुम्हारी वजह से मुझे कई सही शब्द सीखने को मिलते हैं।' सोनू बोला।

शेखू मुस्कुराते हुए बोला, 'दोस्त होने के नाते हम दोनों को एक-दूसरे को सही और गलत बातें बतानी ही चाहिए। यह तो हमारा फर्ज है।' *

कविता
सतीश उपाध्याय




## टमाटर

गोल मटोल, लाल टमाटर
रहता है खुशहाल टमाटर।
आलू संग, सारी सब्जी में
ठोक रहा है, ताल टमाटर।
इसमें तो हैं भरे विटामिंस
रोगों का है काल टमाटर।
जाने कब यह भाव दिखाए
बदले कितने चाल टमाटर।
गर्म तवा में, धीरे-धीरे
छोड़े अपनी खाल टमाटर।
लौकी, टिंडा, बैंगन, परवल
सबका रखता ख्याल टमाटर।
और रसीला गद्गद् होकर
आया है इस साल टमाटर।

## अंतर बताओ


बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में 5 अंतर हैं। पांच मिनट में सारे अंतर ढूंढ़कर बताओ तो जरा।



उत्तर: 1-कार की हेडलाइट्स का डिजाइन वर्ग की जगह गोलाकार में है। 2-कार के बोनट पर पीले रंग का डिजाइन गायब है। 3-कार की हेडलाइट और पहिए के बीच हंसते हुए मुंह की आकृति दिख रही है। 4-कार के सीसे पर बनी एक आंख की भौह की स्थिति में अंतर है। 5-कार के पीछे वाले हिस्से में बैक पैनल दिखाई दे रहा है।

## सही जोड़ा बनाओ

बच्चों, यहां पर चार रोबोट दो भागों में अलग-अलग कॉलम में रखे गए हैं। तुम्हें रोबोट के सही भागों को पहचान कर इनका सही जोड़ा बनाना है। तो देर किस बात की फटाफट रोबोट्स का सही जोड़ा बनाओ।




उत्तर : 1-D, 2-A, 3-B, 4-C

## खोजो तो जरा

बच्चों, यहां चित्र में पंद्रह बच्चे मौजूद हैं। इनमें किसी एक को छोड़कर सभी बच्चे जोड़े में हैं। तुमको जल्दी से खोजकर बताना है कि कौन-सा बच्चा अकेला है, यानी उसका जोड़ा नहीं है? फिर उस पर पेंसिल से गोला बनाओ।



रोचक / रजनी अरोड़ा

## कलरफुल लेक नैट्रॉन



**ब**च्चों, इस दुनिया में कई ऐसी जगहें हैं, जहां प्रकृति के अनोखे चमत्कार देखने को मिलते हैं। इन्हें देखकर हर किसी की आंखें खुली की खुली रह जाती हैं। यहां हम तुम्हें एक रंगीन झील के बारे में बता रहे हैं, जो कुदरत का एक कारनामा है। इस झील का नाम है-लेक नैट्रॉन। यह झील अफ्रीका के तंजानिया देश में अरुशा क्षेत्र के उत्तरी नागोरोंगोरो जिले में स्थित है। झील अपने लाल रंग की वजह से दुनिया भर में प्रसिद्ध है। 57 किमी. लंबी और 27 किमी. चौड़ी लेक नैट्रॉन, खून के रंग की तरह लाल दिखाई देती है। यह झील हमेशा लाल रंग की नहीं होती, इसे अलग-अलग समय पर संतरी और गुलाबी रंगों में भी देखा जा सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि झील के पानी के लाल रंग के पीछे इसमें मौजूद विभिन्न प्रकार के माइक्रो-ऑर्गेनिज्म यानी सूक्ष्म जीव होते हैं, जो यहां मौजूद नमक के कारण पनपते हैं। *

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## मंदिर के नव निर्माण मॉडल का चिकित्सा मंत्री ने किया अवलोकन

### 5 करोड़ की लागत से बनेगा मंदिर



गरीबों का सितारा

**रामगढ़ पचवारा( वरुण कामदार )।** उपखंड मुख्यालय पर हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। नले वाले बालाजी मंदिर में चल रहे हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा पहुंचे। मंदिर के नव निर्माण को लेकर चिकित्सा मंत्री ने मंदिर के मॉडल का अवलोकन किया । 5 करोड़ की लागत से होगा मंदिर निर्माण। चिकित्सा मंत्री ने भी नव निर्माण में सहयोग देने को कहा है। 151 कुंडिया श्री रूद्र महायज्ञ एवं संगीत मय श्री राम कथा यज्ञ स्थाल- श्री वीर तेजाजी महाराज मंदिर सैंथल जिला दौसा में चल रहे यज्ञ के पोस्टर का विमोचन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने किया। इस दौरान श्री श्री 1008 महंत मंडल अध्यक्ष श्री रामदास महाराज,उप प्रधान सूरज कटारा, पिंकी कामदार, दीपक पटेल, कैलाश ढाकुरिया, बनवारी लाल शर्मा, लल्लू जी, रामप्रसाद खाड़ा, सहित आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



# सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री ने किया मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के नवीन पोर्टल का वर्चुअल शुभारंभ

गरीबों का सितारा

**युवराज शर्मा अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली द्वारा आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शैक्षणिक वर्ष 2023-24 हेतु मुख्य मंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के नवीन पोर्टल का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। मंत्री जूली ने कहा कि गत वर्ष इस योजना में 15 हजार अभ्यर्थी शामिल थे जिसे राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष बढ़ाकर 30 हजार कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों की समय पर कोचिंग हो सके इसके लिए इस बार दो चरणों में आवेदन प्राप्त कर मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों का समय पर प्रवेश हो सकेगा। उन्होंने बताया कि पहले चरण में कोचिंग करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 6 अप्रेल से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवदेन की अंतिम तिथि 20 अप्रेल निर्धारित है। उसके बाद मेरिट लिस्ट निकाली जाकर कोचिंग संस्थाओं में प्रवेश दिया जाएगा। दूसरे चरण में पहली मेरिट लिस्ट निकलने के बाद माह मई-जून में आवेदन लिए जा कर दूसरी मेरिट लिस्ट जुलाई माह में जारी की जाएगी।







### ये परीक्षाएं है शामिल

उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत 12 पाठ्यक्रमों को सम्मिलित किया गया है जिसके लिए 30 हजार सीटों का श्रेणीवार वर्गीकरण किया है। इन सीटों में यूपीएससी की 600, आरएएस की 1500, सब इंसपेक्टर या लेवल-10 के उपर की भर्तियां 2400, रीट 4500, लेवल 5 से लेवल 10 तक की भर्तियां 3600, कांस्टेबल भर्ती 2400, मेडिकल व इंजीनियरिंग की 12000, क्लैट व अन्य 3000 सहित कुल 30 हजार सीट सम्मिलित है।

### आवेदन है पेपरलैस

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव, डॉ समित शर्मा ने बताया कि योजना अंतर्गत अभ्यर्थी 20 अप्रेल 2023 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। शासन सचिव ने बताया कि नवीन पोर्टल पर अब समस्त दस्तावेजों का यथासंभव वैब से सत्यापन होगा। इससे समय की बचत के साथ-साथ त्रुटिपूर्ण दस्तावेज अपलोड होने की संभावना नही है। उन्होंने कहा कि सूचना तकनीक का प्रयोग करते हुए अब प्रक्रिया का सरलीकरण किया गया है। अब आवेदन पत्रों का यथासंभव स्वतः अनुमोदन होता है जिससे मानवीय श्रम एवं समय की बचत होती है। आवेदन पत्रों के स्वतः अनुमोदन होने से आवेदन की अंतिम तिथि के तत्काल पश्चात वरीयता सूची जारी कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत सिविल सेवा आरएएस एण्ड एलाइड, मेडिकल/ इंजीनियरिंग, क्लेट,सीए, सीएस सीएमए परीक्षाओं की प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं से तैयारी करने वाले अभ्यखथयों को अन्य शहर से आकर कोचिंग करने पर आवास भोजन इत्यादि व्यय हेतु 40 हजार रुपए प्रति वर्ष भी दिया जाता है। इस अवसर पर निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, हरि मोहन मीना, जिला स्तरीय अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### इन्हें प्रदान की गई राशि

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रविकान्त ने बताया कि डॉ. सविता बेन अंबेडकर अंतरजातीय विवाह योजना अंतर्गत हिंदू जातियों में अस्पृश्यता निवारण हेतु राज्य सरकार द्वारा 5 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है जिसे 2023-24 के बजट में बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर दी गई है। इस सहायता राशि का 50 प्रतिशत हिस्सा कपल को उनकी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने हेतु नगद बैंक खाते में हस्तांतरित किया जाता है एवं शेष राशि की 8 साल के लिए अदेय एफडी बनाई जाती है। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टेज्ट सभागार में एनईबी निवासी राकेश पंजाबी एवं कीर्ति व दूसरे कपल ग्राम नंगला बंजीरका ( बगड राजपूत ) निवासी दयाराम एवं इंदिरा शर्मा प्रत्येक को ढाई लाख रुपए की एफडी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री टीकाराम जूली, जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम श्री उत्तम सिंह शेखावत द्वारा प्रदान की गई।

# भाजपा में नजर आई गुटबाजी

## स्थापना दिवस पर शीर्ष नेताओं ने बनाई कार्यक्रम से दूरी

गरीबों का सितारा

**भीलवाड़ा/ डॉ. चेतन ठठेरा।** राजस्थान में 7 माह बाद विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं और इन चुनाव को लेकर भाजपा आलाकमान राजस्थान में गुटबाजी को खत्म कर एकता करने के प्रयास में है लेकिन गुटबाजी का प्रभाव अभी भी बरकरार है और जहां तक भीलवाड़ा की बात की जाए तो भीलवाड़ा में पार्टी में गुटबाजी हावी है इसका उदाहरण आज उस समय नजर आया जब भाजपा पूरे देश में अपनी स्थापना के 44 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित कर रही है लेकिन भीलवाड़ा में स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जिले और शहर के शीर्ष नेताओं पूरी तरह से दूरी बनाए रखी । भाजपा अपने 44 स्थापना दिवस को आज समारोह पूर्वक मना रही है और इसी कड़ी में दिल्ली में वृहद स्तर पर इसका आयोजन हुआ है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी नेताओं पदाधिकारियों कार्यकताओं को आगामी होने वाले चुनाव में कैसे बाजी मारी जाए कैसे चुनाव लड़ा जाए इसके मंत्र दिए थे और संबोधित किया तथा यह कार्यक्रम देशभर में आयोजित हो रहे हैं जहां तक राजस्थान की बात की जाए राजस्थान में भाजपा में पनप रही गुटबाजी को और आगामी चुनाव को मद्देनजर रखते हुए भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश में प्रदेश के नए मुखिया के तौर पर चित्तौड़ के सांसद सीपी जोशी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया और विधायक राजेंद्र सिंह राठौड़ को नेता प्रतिपक्ष तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया को उप नेता प्रतिपक्ष बनाकर जहां जातिगत समीकरण साधने के साथी गुटबाजी खत्म करने का प्रयास किया और हाल ही में आक्रोश और महा रैली के कार्यक्रम 2 दिन पूर्व भी आयोजित किए गए हैं। आज भीलवाड़ा में भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यालय में स्थापना दिवस मनाया गया इस स्थापना दिवस समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष लादू लाल तेली के अलावा जिला मंत्री अनिल चौधरी जिला महामंत्री मुरलीधर जोशी बाबूलाल टाक जिला उपाध्यक्ष पहला त्रिपाठी कैलाश जीनगर भवानी शंकर दुदानी जिला मंत्री नंदलाल गुर्जर शोभिका जागेटिया कोषाध्यक्ष ललित अग्रवाल मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजू पालीवाल राजेश सेन कुलदीप शर्मा सत्तू गूगड मधु शर्मा धर्मवीर सिंह कानावत शिव प्रकाश चन्नाल देवेंद्र गोयल भागचंद राजावत रामबाबू गौड़ दीपक गुरनानी मनोज शर्मा अजीत सिंह केसावत दिनेश सुथार आदि कार्यकर्ता मौजूद थे लेकिन आश्चर्य की बात है कि इस समारोह में भाजपा के जिले के और शहर के शीर्ष नेता विधायक गण सांसद सभापति पूर्व विधायक ने इस समारोह से पूरी तरह से दूरी बनाए रखी जिसकी चर्चा आज शहर में अच्छी खासी रही शहर के नुक्कड़ चौराहे पर चचाओं का दौर था कि भाजपा में आज गुटबाजी का नजारा एक बार फिर देखने को मिला इससे पहले 2 दिन पूर्व जन आक्रोश रैली और महाघेराव के दौरान देखने को मिला था जब भाजपा द्वारा उक्त कार्यक्रम में 35 हजार की भीड़ एकत्र होने के दावे किए थे लेकिन कार्यक्रम में दावे के 10% भीड़ दी नहीं एकत्र हो पाई थी आश्चर्य की बात है कि 7 विधानसभा क्षेत्र होने के बाद भी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 500- 500 कार्यकर्ता तथा शहर से हर वार्ड से 50-50 कार्यकर्ता भी पार्टी के नेता और पदाधिकारी नहीं एकत्र कर पाए ।



## किया सम्मान: राजस्थान जाट महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष ढूल का भव्य स्वागत

### ढूल ने युवाओं के साथ कॉफी पर की चर्चा



गरीबों का सितारा

**जयपुर।** राजस्थान जाट महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष उम्मेद सिंह ढूल का गुरुवार को जयपुर आगमन पर एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। ढूल के स्वागत के लिए युवाओं एवं कार्यकताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। ढूल ने युवा कार्यकताओं का इस भव्य स्वागत के लिए आभार प्रकट किया। इसके बाद ढूल ने युवाओं से कॉफी पर संवाद किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। ढूल ने युवाओं का आह्वान करते हुए हुए कहा कि युवावस्था के कीमती समय को महज एक ही विकल्प के पीछे व्यर्थ ना गंवाए बल्कि कौशल विकास एवं स्वरोजगार के विकल्पों पर भी ध्यान दें। कौशल विकास एवं स्वरोजगार से भी युवा उज्ज्वल भविष्य हासिल कर सकते है। ढूल ने कहा कि युवा किसी भी देश का भविष्य है। आज, भारत विश्व की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है। यहां प्रत्येक तीसरा व्यक्ति युवा है ऐसे में हमें, इस युवा ऊर्जा का प्रयोग सही दिशा में करने के लिए साधन सोचने होगें। ढूल ने सरकारों से भी अपील की है कि युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा करने वाली नीतियां और कार्यक्रम मौजूदा वक्त की सबसे बडी आवश्यकता है।

## भारतीय जनता पार्टी ने मनाया स्थापना दिवस



गरीबों का सितारा

**रामगढ़ पचवारा ( वरुण कामदार)** ।उपखंड मुख्यालय यहां भारतीय जनता पार्टी मंडल रामगढ़ पचवारा में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस गुरुवार को मनाया गया। जिसमें कमल उत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव कार्यक्रम सभी कार्यकताओं द्वारा देखा गया। इस अवसर मुख्य वक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरकेश मटलाना विधानसभा विस्तारक जीतू चौधरी, बद्री मारवाड़ी, रामफुल सैनी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश बैरवा, शिवम उपाध्याय राधेश्याम, रामफुल सैनी मण्डल मंत्री फैली कुशलपुरा मण्डल महामंत्री शंकर नोरंगपुरा लक्ष्मीनारायण लखेरा, ओम प्रकाश मालीया ,अर्जुन हमीरपुरा, हेमराज सिसोदा,श्रीफूल भोगतपुरा ,राधेश्याम , कैलाश गोविंद, बच्चू बीडोली, रोहित गोठवाल ,अशोक मालीया,शक्ति केंद्र संयोजक वह भूत अध्यक्ष व सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर छप्पन भोग की सजाई गई झांकी



गरीबों का सितारा

**रामगढ़ पचवारा(वरुण कामदार।** उपखंड सहित कई मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। रामगढ़ पचवारा के नले वाले बालाजी मंदिर में श्री श्री 1008 महंत श्री रामदास महाराज के सानिध्य में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें जिसमें हनुमान जी महाराज के छप्पन भोग का प्रसाद लगाकर और भजन सत्संग किया गया। रामगढ़ पचवारा के डाकण वाले हनुमान मंदिर में भी हनुमान जी के छप्पन भोग का प्रसाद लगाकर और भजन सत्संग कर हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। हनुमान जी के छप्पन भोग का प्रसाद लगाकर भक्तों को प्रसादी वितरित की गई। मंदिरों को फूलों से सजाया गया, और फूल बंगला झांकी सजाई। इस अवसर कैलाश ठाकुरिया, लाला ठाकुरिया ,अनिल मोदी, गिराज हलवाई, अंकित, मुकेश,अशोक खाड़ा, सतनारायण लखेरा, , चंद्रकांता ठाकुरिया, उर्मिला सोनी, पिंकी कामदार, आशा, नीतू, विमला, सीता, सिया, संतोष, लक्ष्मी, माया बढ़ाया, भगवती, हेमलता ,पिंकी डंगायच ,सरोज मोदी, सरिता, नीतु, उर्मिला ,सीता ,हेमराज काठ ,अक्षय ,पितल्या ,हैप्पी, सहित आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## जयपुर नगर निगम ग्रेटर में सम्पन्न हुई 563 डेयरी बूथों के आवंटन की लॉटरी प्रक्रिया

गरीबों का सितारा



**जयपुर।** माननीय मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के अनुसार नगर निगम ग्रेटर में 563 डेयरी बूथ आवंटन हेतु गुरूवार को ग्रेटर आयुक्त एवं अध्यक्ष ( डेयरी बूथ आवंटन समिति ) महेन्द्र सोनी की अध्यक्षता में डेयरी बूथ आवंटन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में लॉटरी निकाली गई। जिसमें डेयरी बूथ आवंटन के नोडल अधिकारी अतिरिक्त आयुक्त प्रवीण कुमार एवं प्रभारी अधिकारी उपायुक्त राजस्व प्रथम शिप्रा शर्मा भी उपस्थित रहे। ग्रेटर आयुक्त महेन्द्र सोनी ने बताया कि लॉटरी की समस्त प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी तरीके से की गई है, 563 बूथों के लिये 19 हजार 905 आवेदन आये है जिसमें से 11 हजार 235 स्वीकृत किये गये। जिसके अंतर्गत श्रेणीवार 563 के 4 गुना आवेदनों की आज 2 हजार 252 आवेदनों की लॉटरी निकाली गई। इससे पूर्व मॉकट्रायल भी किया गया, मॉकट्रायल के संतुष्टी जनक पाये जाने पर ही आगे की रेंडम लॉटरी प्रक्रिया प्रारंभ की गई। लॉटरी के द्वारा सफल आवेदकों को दिनांक 11.04.2023 से 13.04.2023 तक अटल सेवा केन्द्र नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय में मूल दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, जनआधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बेरोजगारी प्रमाण पत्र, भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र दस्तावेज प्रस्तुत करने होगें। उन दस्तावेजों की जांच के पश्चात साक्षात्कार की प्रक्रिया के लिये पात्र आवेदकों को साक्षात्कार पत्र जारी किये जायेगें। साक्षात्कार के पश्चात ही 563 डेयरी बूथ सफल आवेदकों को आवंटित किये जायेगें। डेयरी बूथ आवंटन समिति के सदस्य अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहम्मद अबु बक्र, प्रभारी विपणन जयपुर डेयरी गोविन्द सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पष्चिम सोहिल राजा, राजस्थान आवासन मण्डल के समन्वय अधिकारी भारत भूषण, अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन) जे.डी.ए. जुगल किशोर, रीको प्रतिनिधि संजय झा, स्वायत्त शासन विभाग द्वारा मनोनीत दो सदस्य के साथ एनालिस्ट कम प्रोग्रामर वैभव कुमार उपस्थित रहे।

# गंगाशहर स्थित श्री महाबली हनुमान मंदिर जन्मोउत्सव

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** श्री महावीर हनुमान मंदिर में शाम 7:00 बजे भव्यरूप से हनुमान जन्मोउत्सव





मनाया गया ( हनुमान बाबा ) की प्रतिमा को भारतीय मुद्रा से सजाया गया शाम को 5:00 बजे सुंदरकांड का पाठ मेघराज सोनी एंड पार्टी द्वारा शानदार तरीके से किया गया मंदिर में हनुमान बाबा की अद्भुत है और सालासर धाम को ध्यान में रखकर प्रतिमा सजाई गई है इस मंदिर में अनेकों चमत्कारी उदाहरण हैं अनेको लोगों की मनोकामनाएं ध्यान लगाने से पूरी होती है यहां पंडित अशोक जोशी पूरे आस्था से सेवा पूजा करते हैं इस मंदिर का निर्माण 2009 मे चतुर्भुज हनुमान तोलाराम बोथरा परिवार द्वारा बनाया गया था आज की इस महाआरती मे बीकाजी ग्रुप के चेयरमैन शिवरतन जी अग्रवाल फन्ना बाबू बीकानेर पुलिस अधीक्षक तेजस्वी गौतम गंगाशहर थाने के थानेदार श्री नवनीत जी कन्हैयालाल बोथरा मेघराज बोथरा अजय कुमार बोथरा व गंगाशहर के नागरिकों ने पूजा अर्चना कर हनुमान बाबा का आशिर्वाद लिया।

## सीएलसी में नीट व जेईई फाउंडेशन और टारगेट कोर्स के बैच शुरू

**सीकर।** गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सीएलसी में नीट व जेईई फाउंडेशन एवं टारगेट कोर्स के लिए बैच शुरू किए गए। विस्तृत जानकारी देते हुए सीएलसी सीईओ साहिल चौधरी ने बताया कि 6 अप्रैल से नीट एवं जेईई के लिए टारगेट व फाउंडेशन कोर्स के बैच हिंदी व अंग्रेजी दोनों माध्यम में सुचारू रूप से शुरू कर दिए गए हैं। साहिल ने बताया कि नीट एवं जेईई फाउंडेशन व टारगेट कोर्स के अगले बैच 20 अप्रैल को शुरू होंगे जिसके लिए रजिस्ट्रेशन व प्रवेश प्रक्रिया चालू है।



# हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पुष्पेंद्र भारद्वाज ने निकाली वाहन रैली

गरीबों का सितारा

**जयपुर।** हनुमान जन्मोत्सव पूरे प्रदेश व जयपुर शहर में बड़े ही धूम धाम से मनाया गया इसी श्रृंखला में सांगानेर विधानसभा के मानसरोवर में स्थानीय कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र भारद्वाज के नेतृत्व में वाहन रैली निकाली गई मानसरोवर के भृगु पथ पर मध्यम मार्ग स्थित प्रिंस होटल के सामने से रवाना होकर वरुण पथ , रजत पथ , वी टी रोड , विजय पथ होते हुए एस एफ एस चौराहे स्थित हनुमान मंदिर पर समापन हुआ जहाँ वीर बजरंगबली की आरती की गई , रैली का जगह जगह विभिन्न व्यापार मंडलों , सामाजिक संगठनों व आमजन ने पुष्पवर्षा कर , जलपान की व्यवस्था कर स्वागत किया रैली में युवा जय श्री राम के नारे लगाकर पूरे जोश से चल रहे थे इस अवसर पर सांगानेर से प्रत्याशी रहे कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र भारद्वाज ने कहा की सांगानेर में प्रत्येक त्योहार को हम उत्सव के रूप में मनाते हैं जिसमें सभी कार्यकताओं के साथ साथ आमजन बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं इस दौरान पुष्पेंद्र भारद्वाज ने सभी को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी एवं सांगानेर विधानसभा में सुख शांति की कामना की। रैली में मानसरोवर ब्लॉक अध्यक्ष रतन लाल सैनी , सांगानेर ब्लॉक अध्यक्ष राजीव चौधरी, पार्षद हरिओम स्वर्णकार, शंकर बाजडोलिया आशीष परेवा, जिलाध्यक्ष सुनील सिंघानिया , पार्षद प्रत्याशी महेश शर्मा, रामचंद देवंदा, चंद्रवीर सिंह, घनश्याम कूलवाल, कैलाश जोशी, डॉ. प्रदीप शर्मा, आर पी दशोरा, कम्बोज साहब,कविता सैनी, भावना पटेल, नीलम उपाध्याय , रवि शर्मा ,हनुमान शर्मा, रणजीत सूला ,हनुमान सैनी, अंशु मेंदवास, सचिन मीना, अजय साहू , मनोज मीना , अशोक शर्मा , करण बरार , नवीन जांगिड, अजय सैनी , माधव सैनी, धर्मेंद्र धनोपिया , कार्तिकेय भारद्वाज, राजेंद्र जांगिड़ , दर्शील भट्ट, सरदार गोविंद सिंह, राजेंद्र जोतड, धर्मा खरबास, विकास सैनी , मोहन मिश्रा आदि सहित सैकड़ों आमजन मौजूद थे ।



स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com